संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 121 सोमवार 03 मार्च 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## महत्वपूर्ण खबर

### दाहोद फैक्ट्री में तैयार हुआ 500 ट्रक माल ढोने वाला बाहुबली रेल इंजन



#### भारतीय इंजीनियरिंग का कमाल

**दाहोद,02 मार्च 2025(ए)।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दाहोद फैक्ट्री का निरीक्षण किया। बता दें कि दाहोद फैक्ट्री में देश का सबसे शक्तिशाली रेल इंजन तैयार हो गया है। उम्मीद है कि अगले एक महीने में यह इंजन पटरी पर दौड़ना शुरू हो जाएगा। यह कारखाना 'ये मेक इन इंडिया' अभियान के तहत लगाया गया है। इस कारखाने का शिलान्यास साल 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। करीब तीन साल में ही इसने देश का सबसे शक्तिशाली रेल इंजन बनाकर पटरी पर उतार दिया है।

### राम मंदिर में आज से बदलेंगे प्रवेश एवं बर्हिगमन के नियम




**अयोध्या,02 मार्च 2025(ए)।** रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में हाल ही में गिरावट आई है। जहां पहले तीन से चार लाख भक्त प्रतिदिन दर्शन कर रहे थे, वहीं अब यह संख्या घटकर दो से ढाई लाख रह गई है। इसी कारण, निकासी मार्ग में बदलाव करने की योजना बनाई जा रही है।
नई व्यवस्था के तहत श्रद्धालुओं को रामजन्मभूमि पथ से मंदिर में प्रवेश दिया जाएगा।
दर्शन के बाद उन्हें अंगद टीले की ओर बने गेट से बाहर निकाला जाएगा।
गेट नंबर-3, जिसका उपयोग निकासी के लिए हो रहा था, फिर से बंद किया जाएगा।

### रोहन देसाई चुने गए बीसीसीआई के नए संयुक्त सचिव



**पणजी,02मार्च 2025(ए)।** गोवा क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव रोहन देसाई को सर्वसम्मति से बीसीसीआई का नया संयुक्त सचिव चुना गया। गोवा के सीएम प्रमोद सावंत का कहना है, रोहन देसाई का बीसीसीआई के नए संयुक्त सचिव के रूप में चुना जाना गोवा राज्य के लिए फायदेमंद होगा।

### बेटे को पीठ पर बांधकर कुएं में कूदी महिला



#### दोनों की गई जान

**खूंटी,02मार्च 2025(ए)।** झारखंड के खूंटी में दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां एक मां अपने तीन साल के मासूम बच्चे के साथ कुएं में कूद गई,जिससे दोनों की मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि महिला का उसके पति के साथ झगड़ा होता था,जिससे परेशान होकर उसने ये कदम उठाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# वोटर लिस्ट में गड़बड़ी को लेकर हड़कम्प

- » वोटर लिस्ट में गड़बड़ी से लेकर वोटिंग प्रतिशत तक,राजनीतिक दलों की शिकायतों को दूर करेगा चुनाव आयोग...
- » वोटर लिस्ट से नाम काटने के मसले का भी आयोग करेगा समाधान...
- » नए सीईसी की जिम्मेदारी संभालने के बाद ऐक्शन में ज्ञानेश कुमार
- » वोटर लिस्ट तैयार करने वाले ईआरओ भी मीटिंग में होंगे शामिल...




**नई दिल्ली,02 मार्च 2025(ए)।** केरल कैडर के 1988 बैच के रिटायर्ड आईएएस ज्ञानेश कुमार के 19 फरवरी को भारतीय चुनाव आयोग के 26वें मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में कार्यभार संभालने के बाद 4 और 5 मार्च को दिल्ली में ऑल इंडिया सीईओ मीटिंग बुलाई गई है। सीईसी का पद संभालने के बाद ज्ञानेश कुमार की यह देश के तमाम सीईओ के साथ पहली मीटिंग होगी। जिसमें वोटर लिस्ट अपडेट करने से लेकर चुनाव कराने के बीच जो-जो भी दिक्कतें आती हैं या इस सिस्टम को और कैसे बेहतर किया जा सकता है। इसके लिए सभी से सुझाव भी मांगे जाएंगे।

#### भविष्य में समस्याओं से मुक्ति की योजना

आयोग चाहता है कि भविष्य में फिर से इस तरह की कोई समस्या सामने ना आने पाए। इसलिए वोटर लिस्ट अपडेट करते वक्त विभिन्न राजनीतिक पार्टियों और आम लोगों को इसके लिए मैक्सिमम स्तर पर संतुष्ट करने का भी प्लान तैयार करने पर बात की जाएगी। जिसमें वोटर लिस्ट से अगर किसी वोटर का जोड़ना है या खासकर काटना है तो उस वोटर को इस बारे में 100 फीसदी यह पता होना ही चाहिए कि उसका नाम वोटर लिस्ट से काट दिया गया है, फिर वह किसी भी आधार पर काटा गया हो।

#### देशभर के चुनाव अधिकारी होंगे शामिल

सूत्रों का कहना है कि यह मीटिंग इसलिए अहम मानी जा रही है क्योंकि इस मीटिंग में पहली बार केवल देश के तमाम राज्यों के सीईओ यानी चीफ इलेक्ट्रॉल ऑफिसर ही नहीं बुलाए गए हैं बल्कि वोटर लिस्ट को तैयार करने में अहम योगदान देने वाले ईआरओ यानी इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर और डीईओ यानी डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन ऑफिसरों को भी बुलाया गया है।
रिपोर्ट के अनुसार इस मीटिंग में वोटर लिस्ट तैयार करने में आने वाली समस्याओं और उनके समाधान के बारे में भी पैन इंडिया स्तर पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। ताकि इसमें और अधिक से अधिक पारदर्शिता लाई जा सके। खासतौर से वोटर लिस्ट में वोटरों के नाम जोड़ने और काटने को लेकर जिस तरह से महाराष्ट्र और दिल्ली में हुए विधानसभा चुनावों के दौरान चुनाव आयोग भारी विवादों में रहा था।

#### नए सीईसी से काफी उम्मीदें

नए सीईसी ज्ञानेश कुमार 26 जनवरी 2029 को रिटायर होंगे। उनके कार्यकाल में शायद ही लोकसभा चुनाव हों, लेकिन सूत्रों का कहना है कि जिस तरह से सीईसी ज्ञानेश कुमार नए-नए आइडियों को साथ लेकर काम कर रहे हैं। उससे उम्मीद है कि भविष्य में जो भी चुनाव होंगे, चाहे वह किसी राज्य के विधानसभा चुनाव हों या फिर लोकसभा चुनाव। उनमें कभी वोटर लिस्ट को लेकर तो कभी वोटर टर्न आउट बढ़ने और समय पर अपडेट ना होने तो कभी ईवीएम या उसकी बैटरी में गड़बड़ी होने जैसे मसलों को लेकर आयोग विवादों में रहा है।इन विवादों को पैदा करने वालों को आयोग काफी हद तक संतुष्ट करने में कामयाब होने पाए। आयोग के अधिकारियों का कहना है कि आयोग अभी भी पूरी पारदर्शिता के साथ काम करता है लेकिन फिर भी इसमें बीच-बीच में जिस किसी को संदेह होता है। उन्हें दूर करने की और भरसक कोशिश की जाएगी। इसके लिए सब मिलकर प्रयास करेंगे तो चीजें और बेहतर होंगी।

#### वोटर लिस्ट से नाम कटने पर आएगा मैसेज

सूत्रों का कहना है कि इसके लिए हो सकता है कि आने वाले समय में वोटर लिस्ट से नाम काटे गए वोटरों के पास मोबाइल फोन पर मैसेज और मेल समेत अन्य माध्यम से सूचना देकर उन्हें इसके बारे में तुरंत जानकारी दी जाए। ताकि अगर किसी वास्तविक वोटर का नाम वोटर लिस्ट से कट भी गया है तो वह समय रहते चैलेंज करके अपना नाम फिर से वोटर लिस्ट में जुड़वा सके। सूत्रों का कहना है कि मीटिंग में इस बात पर भी चर्चा होने की उम्मीद है कि जिस भी बालिग का जब एक बार वोटर कार्ड बन गया और अगर किन्हीं कारणवश वह दूसरे इलाके या राज्य में शिफ्ट करता भी है तो उस वोटर का वोटर कार्ड नंबर एक ही रहे। यानी हर वोटर का एक यूनिक नंबर हो सकता है क्या। इसके अलावा दो दिवसीय इस मीटिंग में कई और अहम मसलों पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। ताकि वोटर लिस्ट अपडेट करने से लेकर चुनाव कराने तक आयोग किसी भी कंट्रोवर्सी में ना रहे।

## 2000 रुपये के 98.18 प्रतिशत नोट आरबीआई के पास लौटे



**मुंबई,02 मार्च 2025(ए)।** भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा कि 2000 रुपये के 98.18 प्रतिशत नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए हैं और केवल 6,471 करोड़ रुपये मूल्य के ऐसे नोट अब भी जनता के पास हैं। 19 मई, 2023 को भारतीय रिजर्व बैंक ने 2000 रुपये मूल्यवर्ग के बैंक नोटों को प्रचलन से वापस लेने की घोषणा की।

## हिमस्खलन में लापता चारों मजदूरों के मिले शव

#### हादसे में कुल 8 लोगों की गई जान



**चमोली,02 मार्च 2025(ए)।** उत्तराखंड के चमोली जिले में बदरीनाथ के पास माणा गांव में शुक्रवार को हिमस्खलन की घटना हुई। सीमा सड़क संगठन के शिविर पर हुए हिमस्खलन में लापता चार मजदूरों को ढूंढने के लिए खोजी कुत्तों, थर्मल इमेजिंग कैमरों और हेलीकॉप्टरों की मदद ली गई। रविवार को जारी बचाव अभियान के दौरान चारों मजदूरों के शव बरामद हुए हैं।गोपेश्वर में स्थानीय प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, माणा हिमस्खलन स्थल से 4 शव बरामद हुए हैं। रविवार को 4 शव बरामद होने के साथ ही हादसे में मरने वाले मजूदरों की संख्या 8 हो गई है।

## लोगों को सरकार से भीख मांगने की आदत पड़ गई है...



#### प्रहलाद पटेल, बयान पर मचा बवाल

**सुठालिया,02मार्च 2025(ए)।** मध्य प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल के हालिया बयान ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है। सुठालिया में वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा के अनावरण के दौरान उन्होंने कहा कि अब तो सरकार से भीख मांगने की आदत लोगों को पड़ गई है। नेता आते हैं तो उन्हें एक टोकरी कागज पकड़ा दिए जाते हैं। यह आदत ठीक नहीं है, लेने के बजाय देने की मानसिकता अपनानी चाहिए।मंत्री पटेल ने कहा कि जनता के मांग पत्रों को भीख की तरह पेश करना उचित नहीं। उन्होंने ज़ोर देते हुए कहा कि समाज को मजबूत बनाने के लिए मांगने की बजाय देने की सोच अपनानी होगी। उनका कहना था कि केवल समस्याओं की फरियाद करने से समाज आगे नहीं बढ़ेगा, बल्कि लोगों को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में सोचना होगा।

## केंद्रीय मंत्री की बेटी के साथ छेड़छाड़



**नई दिल्ली,02 मार्च 2025(ए)।** महाराष्ट्र के जलगांव में केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे की बेटी के साथ छेड़छाड़ की घटना सामने आई है। शुक्रवार महाशिवरात्रि के बाद जलगांव में चल रहे मेले में खडसे की बेटी से साथ छेड़छाड़ हुई। मेले में आये कुछ युवकों ने उनकी बेटी के साथ छेड़छाड़ की। इस घटना के बाद केंद्रीय मंत्री रक्षा खडसे पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराने पहुँची है।

## फिल्मी स्टाइल में दुल्हन का अपहरण



- » आकाश उसे मत मारो...
- » दूल्हे की गाड़ी का कांच फोड़ा...मारपीट की और दुल्हन को उठा ले गए बदमाश

**गुना,02 मार्च 2025(ए)।** मध्य प्रदेश के गुना में फिल्मी स्टाइल में एक दुल्हन का अपहरण हुआ है। यहां कुछ बदमाशों ने नेशनल हाइवे पर दूल्हे की गाड़ी रोकी और कांच फोड़कर दुल्हन को उठाकर ले गए। इस घटना के बाद हड़कंप मच गया है। दरअसल राजस्थान के सवाई माधोपुर के रहने वाले एक युवक की शादी अशोकनगर में हुई। शादी का कार्यक्रम निपटाकर बारात सवाई माधोपुर वापस लौट रही थी। एनएच-46 पर देहरी गांव के पास बदमाशों ने गाड़ी आगे लगाकर दूल्हे की गाड़ी को रोका,कांच फोड़ा और दूल्हे पर चाकू से हमला कर दिया। गाड़ी के चारों टायर चाकू से फोड़ दिए। इसके बाद बदमाश दुल्हन को उठाकर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस पूरे मामले की बारीकी से छानबीन कर रही है और अपराधियों को पकड़ने के लिए टीम निकल चुकी है। हालांकि पुलिस की जांच के बाद स्पष्ट हो सकेगा कि मामला प्रेम-प्रसंग से जुड़ा है या नहीं।

## पूर्व पार्षद ने महिलाओं के साथ की मारपीट



**मुजफ्फरपुर,02मार्च 2025(ए)।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में रविवार को एक बड़ा विवाद सामने आया, जहां पूर्व वार्ड पार्षद विजय झा पर ज्वेलर्स राज कुमार के घर में घुसकर महिलाओं से मारपीट करने, लूटपाट करने और जबरन घर खाली कराने का आरोप लगा है। इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। वहीं, पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाकर जांच शुरू कर दी है।

## वफादारी का मिसाल बना कुत्ता

#### मालिक को बचाने बाघ से भिड़ गया पालतू कुत्ता,इलाज के दौरान मौत

**उमरिया,02मार्च 2025(ए)।** उमरिया जिले में कुत्ते की स्वामी भक्ति का अनोखा मामला सामने आया है। जहां विश्वप्रसिद्ध बांधव गढ़ टाइगर रिजर्व के समीप गांव भरहुत में मालिक को बचाने के लिए पालतू जर्मन शेफर्ड कुत्ता बाघ से भिड़ गया। पालतू जर्मन शेफर्ड का रौद्र रूप देखकर बाघ जंगल की ओर भाग गया और मालिक की जान बच गई। हालांकि, बाघ के हमले में घायल कुत्ते की मौत हो गई। घटना 26 फरवरी की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक विश्वविख्यात बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से लगे समीप गांव भरहुत में शिवम बड़गैया अपने पालतू जर्मन शेफर्ड कुत्ते के साथ घर के बाहर बाहर घूम रहे थे तभी जंगल से बाहर आकर बाघ गांव में घुस गया। इस दौरान शिवम बड़गैया के ऊपर बाघ ने हमला करने का प्रयास किया लेकिन कुत्ते ने अपनी स्वामीभक्ति का परिचय देते हुए बाघ को ललकारा और तेज आवाज में भौंकना शुरू कर दिया। पहली बार तो कुत्ते का भौंकना सुनकर बाघ रुक गया लेकिन कुछ देर बाद बाघ युवक को छोड़कर कुत्ते की ओर दौड़ा और कुत्ते को अपने जबड़े में दबाकर गांव के बाहर ले गया हालांकि इस दौरान कुत्ते ने भी बाघ से लड़ने और खुद के बचाव का प्रयास किया और थक हार कर बाघ ने कुत्ते को छोड़ना ही उचित समझा। इसके बाद बाघ जंगल की ओर लौट गया हालांकि, बाघ के हमले से कुत्ता गंभीर रूप से घायल हो गया जिसके बाद कुत्ते के मालिक शिवम बड़गैया ने उसका उपचार जिला मुख्यालय लाकर पशु चिकित्सक से कराया लेकिन कुछ ही घंटे बाद उसकी मौत भी हो गई। कुत्ते के इस अदम्य साहस की घटना को जिसने भी सुना उसकी बहादुरी को सलाम किया है।



## आवेदनों की माला पहनकर सांसद समाधान शिविर में पहुंच गया किसान

#### प्रशासनिक अमले में मचा हड़कंप



**बड़वानी,02मार्च 2025(ए)।** मध्य प्रदेश के बड़वानी में एक अनोखा मामला सामने आया है। यहां एक किसान दफ्तरों के चक्कर काटते-काटते इतना ज्यादा परेशान था कि आवेदनों और फोटो की माला पहनकर सांसद समाधान शिविर में पहुंच गया। इसके बाद यहां प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। बड़वानी में रविवार सुबह 11 बजे से अंजड तहसील कार्यालय में सांसद समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें आंवली का रहने वाला किसान विश्वविजय गिरी गोस्वामी आवेदनों और फोटो की माला पहनकर शिविर में पहुंच गया. यह देखते ही हड़कंप मच गया। किसान ने खरगोन बड़वानी लोकसभा क्षेत्र के सांसद गजेन्द्र सिंह पटेल को समस्या से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि अब इसके अलावा उनके पास कोई हल नहीं है। इसलिए अब तक जितने भी आवेदन और फोटो ग्राफ्स मैंने प्रशासन को दिए हैं। सभी की माला पहनकर आ गया हूं, ये सोचकर कि अब तो प्रशासन जागे और मेरी समस्या का समाधान करे। किसान की समस्या सुनकर सांसद गजेन्द्र सिंह पटेल ने प्रशासनिक अफसरों को निर्देश दिया है कि उनकी समस्या का समाधान करें। सांसद ने बताया कि इस शिविर का मकसद ही है कि लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया जाए। किसान ने अपनी परेशानी बताई है। अफसरों से कहा गया है कि इस मामले को देखें और हल निकालें।

# संपादकीय

## विपक्षी दलों की छींटाकशी और दुष्प्रचार

स्कूलों में निशुल्क पढ़ाई की व्यवस्था करवाई जा रही है। इसके लिए डबल इंजन सरकार पैसा उपलब्ध करवा रही है। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानमंडल के बजट सत्र के छठे दिन विधान परिषद में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर यह कहा।विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है, हर बच्चा योग्यता के अनुसार आगे बढ़े और राष्ट्र के विकास में योगदान करे। हर बच्चे को हम उत्तम शिक्षा देने को कृतसंकल्प हैं जिससे वे मजहबी शिक्षा तक न सीमित रहें, बल्कि हम उन्हें डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक और साहित्यकार बनाने का अवसर प्रदान कर रहे हैं। योगी ने समाजवादी पार्टी के पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक मॉडल पर सवाल दागते हुए इसे महज ढोंग ठहराया। महाकुंभ को लेकर विपक्षी दलों की छींटाकशी और दुष्प्रचार पर उन्होंने कहा कि सपा सदस्यों का आचरण उपहास, विरोध और अंत में स्वीकृति के माध्यम से उजागर हो गया। गंगा जल की शुद्धता को लेकर उठाए गए सवालों पर पलटवार करते हुए योगी ने इसे अल्कलाइन वाटर जितना शुद्ध बताया। अल्कलाइन पानी में महत्त्वपूर्ण खनिज संभावित लाभों के मद्देनजर मिले होते हैं।हालांकि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा नेशनल ग्रीन ट्रिब्नल को सौंपी गई रिपोर्ट में कहा था कि गंगा-यमुना के पानी में तय मानकों से कई गुना ज्यादा फीकल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया है जो स्नान तो क्या आचमन के योग्य भी नहीं है। परंतु इसको गंभीरता से लेने की बजाय कुतकरे द्वारा खारिज करने में राज्य सरकार समेत पूरा महकमा जुट गया है।इसमें कोई संदेह नहीं कि मुख्य विपक्षी दल होने के नाते सपा योगी सरकार को लगातार निशाने पर रखती है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव विभिन्न मौकों पर सोशल मीडिया के जरिए योगी पर आरोपों की बौछार करने से चूकते नहीं। नामालूम कारणों से धन्यवाद भाषण में योगी अधिकतर इन्हीं आरोपों पर व्यंग्य बाण छोड़ते नजर आए। राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान हुए शोर-शराबे और टिप्पणियों को उन्होंने असंवैधानिक बताया। जो सही भी है।जनता द्वारा चुने गए नुमाइंदों को अपनी बात रखने के लिए भाषाई मर्यादा और व्यवहार में लचीलापन रखना चाहिए। देखने में आया है कि विभिन्न विधानसभाओं ही नहीं संसद में भी विपक्ष का रवैया असंसदीय होता जा रहा है।

# न्यायालयों में अनसुलझे मामलों की बढ़ती हुई संख्या



प्रियंका सौरभ
आर्यनगर, हिसार (हरियाणा)

### विलंब के कारण न्याय से वंचित

*भारतीय न्यायालयों में अनसुलझे मामलों का मुद्दा एक बड़ी चुनौती है, जिसने न्याय प्रणाली को गहराई से प्रभावित किया है। लंबित मामलों की बढ़ती संख्या न्याय प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई वर्तमान प्रणाली की प्रभावशीलता और दक्षता पर गंभीर सवाल उठाती है। ऐसी देरी का कानूनी ढांचे पर हानिकारक और व्यापक प्रभाव पड़ता है। लंबी कानूनी प्रक्रियाएँ न्याय की पहुँच में बाधा डाल सकती हैं,जिससे व्यक्तियों और व्यवसायों दोनों को नुक़सान होता है। जैसे-जैसे मामले लंबित होते हैं, कानूनी प्रणाली में जनता का भरोसा कम होता जाता है, जिससे इसकी विश्वसनीयता को लेकर निराशा और संदेह पैदा होता है। नतीजतन, लोग विवादों को निपटाने के लिए वैकल्पिक साधनों की ओर रुख कर सकते हैं। यह लंबित मामला देरी का एक चक्र बनाता है,जिससे अदालतों के लिए नए मामलों को निपटाना मुश्किल हो जाता है, जिसके परिणामस्वरूप अंततः अनसुलझे मामलों की संख्या लगातार बढ़ती जाती है...*

देश की न्याय व्यवस्था कई महत्त्वपूर्ण मुद्दों से जूझ रही है, जिसका मुख्य कारण भारतीय अदालतों में अभी भी 5 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। यह लंबित मामले न केवल न्याय में देरी करते हैं, बल्कि कानूनी व्यवस्था में लोगों का भरोसा भी कम करते हैं। इनमें से कई मामले एक दशक से अधिक समय से लंबित हैं, जिनमें से लगभग 50 लाख मामले दस साल से भी अधिक समय पहले शुरू किए गए थे। नीति आयोग ने सुधारों की तत्काल आवश्यकता पर ज़ोर दिया है, चेतावनी दी है कि मामले के समाधान की वर्तमान गति से, केवल निचली अदालतों में लंबित मामलों को हल करने में 300 साल से अधिक लग सकते हैं। भारत में,लंबित मामलों का अर्थ कानूनी ढांचे के भीतर अनसुलझे मामलों की भारी संख्या है। स्थिति विशेष रूप से निचले न्यायिक स्तरों पर गंभीर है,जहाँ अधिकांश मामले दायर किए जाते हैं और न्यायाधीशों की कमी से निपटान नहीं होता है। लंबित मामलों की बढ़ती संख्या भारतीय न्याय वितरण प्रणाली के लिए एक बड़ी चुनौती है। लंबी कानूनी प्रक्रियाएँ *न्याय में देरी न्याय से वंचित होने के समान है* कहावत को चरितार्थ करती हैं, क्योंकि वे जनता के विश्वास को ख़त्म करती हैं और व्यक्तियों को समय पर न्याय से वंचित करती हैं।



बाबरी मस्जिद-राम जन्मभूमि विवाद जैसे मामलों के लंबे समाधान ने सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ दिया है, जिसमें लगभग 70 साल लग गए। अदालतों में मामलों की विशाल मात्रा अदालती दक्षता में बाधा डालती है और लंबित मामलों की संख्या में वृद्धि करती है, जिससे त्वरित न्याय लगभग असंभव हो जाता है। सर्वोच्च न्यायालय में 82, 000 से अधिक और उच्च न्यायालयों में 62 लाख से अधिक मामले लंबित होने के कारण, निर्णयों में बड़ी देरी आम बात है। मुकदमेबाजी का वित्तीय बोझ आर्थिक विकास को भी बाधित करता है, क्योंकि यह संसाधनों को ख़त्म करता है और व्यक्तियों और व्यवसायों को कानूनी कार्यवाही करने से हतोत्साहित करता है। भारत में न्यायिक देरी की अनुमानित लागत दो मिलियन डॉलर से अधिक है। न्याय प्रणाली पर लंबित मामलों का प्रभाव गहरा और दूरगामी है। लंबे समय तक चलने वाले मामले कानूनी प्रणाली में जनता के विश्वास को ख़त्म कर सकते हैं,जिससे इसकी प्रभावशीलता के बारे में निराशा और संदेह पैदा होता है, जिससे कुछ लोग वैकल्पिक विवाद समाधान विधियों की तलाश करने लगते हैं। देरी का यह चक्र समस्या को और बढ़ाता है।

न्यायिक देरी में योगदान देने वाला एक महत्त्वपूर्ण कारक जनसंख्या के लिए न्यायाधीशों का अपर्याप्त अनुपात है। भारत में, विकसित देशों की तुलना में कानूनी प्रणाली बहुत धीमी गति से काम करती है, जहाँ हर दस लाख निवासियों के लिए केवल 21 न्यायाधीश उपलब्ध हैं। सरकार सबसे बड़ी वादी है, जो सभी लंबित मामलों में से लगभग आधे मामलों के लिए ज़िम्मेदार है, जिनमें से कई तुच्छ मुद्दों पर अपील में बंधे हैं। सीमित कोर्ट रूम स्पेस और पुरानी केस मैनेजमेंट प्रथाओं जैसी चुनौतियों से लंबी अदालती कार्यवाही और भी जटिल हो जाती है। दिल्ली उच्च न्यायालय मध्यस्थता केंद्र ने 15 वर्षों में 200, 000 से अधिक मामलों को सफलतापूर्वक हल किया है, जो वैकल्पिक विवाद समाधान विधियों की प्रभावशीलता को उजागर करता है। दुर्भाग्य से, वकील और वादी दोनों अक्सर स्थगन का दुरुपयोग करते हैं, जिसके कारण मामले सालों या दशकों तक टल जाते हैं। मैन्युअल दस्तावेज़ीकरण और पुरानी कानूनी प्रक्रियाओं पर निर्भरता मामलों के समय पर समाधान में बाधा डालती है, जिससे अनावश्यक नौकरशाही बाधाएँ पैदा होती हैं। लंबित मामलों के बैकलॉग को कम करने के लिए, यह सुनिश्चित करना महत्त्वपूर्ण है कि कार्यवाही निरंतर हो। इसमें बढ़ती आबादी को समायोजित करने के लिए न्यायालय स्टाफिंग और बुनियादी ढांचे में निवेश करना शामिल है। न्यायालयों की संख्या बढ़ाने और पर्याप्त सहायक कर्मचारियों को नियुक्त करने से प्रक्रिया में तेजी लाने में मदद मिल सकती है। मामलों को अधिक तेज़ी से ट्रैक करने और आगे बढ़ाने के लिए प्रभावी केस प्रबंधन रणनीतियों को लागू करना भी महत्त्वपूर्ण है। उचित रूप से प्रबंधित मामलों के समय पर समाधान तक पहुँचने की अधिक संभावना होती है। कानूनी प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए कानूनों की नियमित समीक्षा और संशोधन अनिश्चितता को कम करने और कानूनी कार्यवाही में तेजी लाने के लिए आवश्यक है।

वाणिज्यिक विवादों के त्वरित समाधान की सुविधा के लिए, वाणिज्यिक न्यायालय अधिनियम 2015 स्थगन पर सख्त नियम लागू करता है। मुकदमेबाजी से पहले मध्यस्थता को अनिवार्य करके वैकल्पिक विवाद समाधान को बढ़ावा देने से अदालतों पर बोझ कम करने में मदद मिल सकती है। मध्यस्थता अधिनियम (2023) वाणिज्यिक और नागरिक विवादों में मध्यस्थता को अनिवार्य बनाकर इसका समर्थन करता है, जिसका उद्देश्य अदालती लंबित मामलों को कम करना है। एक मज़बूत लोकतंत्र न्याय के त्वरित और प्रभावी वितरण पर निर्भर करता है। न्यायिक देरी से निपटने के लिए, न्यायिक बुनियादी ढांचे को बढ़ाना, मौजूदा रिक्तियों को भरना, ऐआई-संचालित केस प्रबंधन को अपनाना और वैकल्पिक विवाद समाधान को बढ़ावा देना आवश्यक है। न्यायिक जवाबदेही को दूरदर्शी नीति ढांचे के साथ जोड़कर, भारत की न्याय प्रणाली अधिक निष्पक्ष, सुलभ और समय पर बन सकती है। यह आशा की जाती है कि सभी हितधारक-न्यायाधीश, उच्च न्यायालय, सरकारें और कानूनी पेशेवर-न्याय वितरण प्रणाली को मज़बूत करने और कानून के शासन को बनाए रखने के लिए अपनी भूमिका निभाएंगे। भारतीय अदालतों में लंबित मामलों से निपटने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता है जिसमें तकनीकी प्रगति के साथ-साथ प्रशासनिक, कानूनी और बुनियादी ढाँचे में सुधार शामिल हो। हालाँकि प्रगति हुई है, लेकिन कानूनी प्रणाली में विश्वास बहाल करने और विवादों का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास महत्त्वपूर्ण हैं। भारतीय न्यायपालिका मूल कारणों से निपट सकती है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अभिनव समाधान लागू कर सकती है।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# वन्यजीवों के अस्तित्व पर संकट और उनके संरक्षण की आवश्यकता



योगेश कुमार गोयल
नजफगढ़, नई दिल्ली

वन्य जीव हमारी धरती के अभिन्न अंग हैं लेकिन अपने निहित स्वार्थों तथा विकास के नाम पर मनुष्य ने उनके प्राकृतिक आवासों को बेदर्दी से उजाड़ने में बड़ी भूमिका निभाई है और वनस्पतियों का भी सफाया किया है। धरती पर अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए मनुष्य को प्रकृति प्रदत्त उन सभी चीजों का आपसी संतुलन बनाए रखने की जरूरत होती है, जो उसे प्राकृतिक रूप से मिलती हैं। इसी को पारिस्थितिकी तंत्र या इकोसिस्टम भी कहा जाता है। धरती पर अब वन्य जीवों और दुर्लभ वनस्पतियों की कई प्रजातियों का जीवनचक्र संकट में है। वन्य जीवों की असंख्य प्रजातियां या तो लुप्त हो चुकी हैं या लुप्त होने के कगार पर हैं। पर्यावरणीय संकट के चलते जहां दुनियाभर में जीवों की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने से वन्य जीवों की विविधता का बड़े स्तर पर सफाया हुआ है, वहीं हजारों प्रजातियों के अस्तित्व पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। वन्य जीव-जंतु और उनकी विविधता धरती पर अरबों वर्षों से हो रहे जीवन के सतत् विकास की प्रक्रिया का आधार रहे हैं। वन्य जीवों में ऐसी वनस्पति और जीव-जंतु सम्मिलित होते हैं, जिनका पालन-पोषण मनुष्यों द्वारा नहीं किया जाता। इन्हीं वन्य जीवों, वनस्पतियों और उनके आवासों को सुरक्षा प्रदान करने को वन्य जीव संरक्षण कहा गया है तथा इनके संरक्षण के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 3 मार्च को 'विश्व वन्यजीव दिवस' मनाया जाता है। प्रतिवर्ष यह दिवस एक खास विषय के साथ मनाया जाता है और इस वर्ष 'वन्यजीव संरक्षण वित्त- लोगों और ग्रह में निवेश' थीम के साथ मनाया जा रहा है।

जीव-जंतुओं की तमाम प्रजातियां और वनस्पतियां मिलकर अत्यावश्यक पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करते हैं और सही मायनों में वन्य जीव हमारे मित्र है, इसीलिए उनका संरक्षण किया जाना बेहद जरूरी है। हमें भली-भांति यह समझ लेना चाहिए कि इस धरती पर जितना अधिकार हमारा है, उतना ही इस पर जन्म लेने वाले अन्य जीव-जंतुओं का भी है। लेकिन आज प्रदूषित वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण भी दुनियाभर में जीव-



जंतुओं और वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर दुनियाभर में संकट के बादल मंडरा रहे हैं। वन्यजीव दिवस मनाए जाने के उद्देश्यों में विभिन्न किस्म की वनस्पतियों तथा जीव-जंतुओं पर ध्यान केन्द्रित करना, उनके संरक्षण के लाभों के बारे में जागरूकता फैलाना, पूरी दुनिया को वन्यजीव अपराधों के बारे में स्मरण करवाना और मनुष्यों के कारण इनकी प्रजातियों की संख्या कम होने के विरूद्ध कारवाई करना शामिल हैं।

समस्त स्थलीय और जलीय जीवों के लिए वन्य जीवों का बने रहना अत्यावश्यक है। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित अपनी चर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने विस्तार से यह उल्लेख किया है कि विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण किस प्रकार असंतुलित होता है। पाठक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक फ्लिपकार्ट से खरीद सकते हैं। पर्यावरण के असंतुलन का ही परिणाम पूरी दुनिया पिछले कुछ दशकों से गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में अब देख और भुगत भी रही है। लगभग हर देश में कुछ ऐसे वन्य जीव पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते वन्य जीवों के आशियाने भी लगातार बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा दुनिया के जंगली जीवों और वनस्पतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 'विश्व वन्यजीव दिवस' के आयोजन का निर्णय लिया गया। महासभा ने यह सुनिश्चित करने में साइट्स की महत्वपूर्ण भूमिका को भी मान्यता दी ताकि वह सुनिश्चित कर सके कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से प्रजातियों के अस्तित्व को खतरा नहीं है।

ब्रिटिश काल से ही भारत में वन्यजीवों को सुरक्षा प्रदान करने और बचाने के लिए कानूनी प्रावधान किए जाते रहे हैं लेकिन चिंता की बात यह है कि उसके बावजूद वन्यजीवों की अनेक प्रजातियां पिछली एक सदी में लुप्त हो गई हैं। विश्व वन्यजीव कोष (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) की 'लिविंग प्लेनेट रिपोर्ट 2024' में कुछ ही महीने पहले चौंका देने वाला यह चिंताजनक खुलासा भी हुआ था कि 1970 से 2020 के बीच वन्यजीव आबादी में 73 प्रतिशत की विनाशकारी गिरावट दर्ज की गई, जिनमें स्तनधारी, पक्षी, उभयचर, सरीसृप, मछली इत्यादि जीव शामिल हैं। ताजे पानी के पारिस्थितिक तंत्र में यह गिरावट 85 प्रतिशत रही है। हर दो साल में प्रकाशित होने वाली इस रिपोर्ट में बताया गया है कि वन्यजीवों की आबादी दुनियाभर में कैसे प्रभावित हो रही है। 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक के अनुसार वन्य जीवों को विलुप्त होने से बचाने के लिए देश में सबसे पहले वर्ष 1872 में ब्रिटिश शासनकाल में 'वाइल्ड एलीकेंट प्रोटेक्शन एक्ट' बनाया गया था। उसके बाद वर्ष 1927 में वन्य जीवों के शिकार और वनों की अवैध कटाई को अपराध मानते हुए 'भारतीय वन अधिनियम' अस्तित्व में आया, जिसके तहत सजा का प्रावधान किया गया। देश की आजादी के बाद वर्ष 1956 में 'भारतीय वन अधिनियम' पारित किया गया और 1972 में देश में वन्यजीवों को सुरक्षा प्रदान करने तथा अवैध शिकार, तस्करी और अवैध व्यापार को नियंत्रित करने के उद्देश्य से 'वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972' लागू किया गया। वर्ष 1983 में वन्य जीव संरक्षण के लिए 'राष्ट्रीय वन्य जीव योजना' शुरू की गई, जिसके तहत वन्य जीवों को इंसानी अतिक्रमण से दूर रखने और उनकी सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय पार्क और वन्य प्राणी अभयारण्य बनाए गए। जनवरी 2003 में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम में संशोधन किया गया और अधिनियम के तहत अपराधों के लिए जुर्माना तथा सजा को अधिक कठोर बना दिया गया। बहरहाल, प्रत्येक व्यक्ति के लिए यह समझना बेहद जरूरी है कि वन्य जीवों का संरक्षण हम सभी की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है क्योंकि वन्य प्राणियों की विविधता से ही धरती का प्राकृतिक सौन्दर्य है, इसलिए लुप्तप्रायः पौधों और जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों की उनके प्राकृतिक निवास स्थान के साथ रक्षा करना पर्यावरण संतुलन के लिए भी बेहद जरूरी है।

### कविता
### अक्षर माला में भोले

घटती-घटना



कार्तिकेय कुमार
गांधीनगर, इंदौर
मध्यप्रदेश

दमक रहा भोले का आंगन,
चांद और तारों से,
नील गगन भी छटा बिखेरे,
भोले के इशारों से।
दमक रहा भोले ....
धरा यहां थी जो अलसाई,
फूलों-सी वो मुस्काई,
शिव भोले ने मेरे अंतस,
भक्ति की आग लगाई।
दमक रहा भोले ....
अक्षर,मात्रा के फूलों से,
हर सोम में भोग लगाऊं,
भोले की दुनियादारी को,
पल-पल में महकाऊं।
दमक रहा भोले ...
साथ खड़े होते हैं भोले,
मेरी अक्षर माला में,
कंठ-कंठ तक डूबे हैं जो,
प्रेम-भक्ति की शाला में।
दमक रहा भोले ....
आदि अंत नहीं जिन भोले का,
उनको नित-नित शीश झुकाऊं,
जगह नहीं कहीं ऐसी भोले ,
जहां तुम्हें नहीं पाऊं भोले।
दमक रहा भोले ....

### कविता
### आ रहा नववर्ष

घटती-घटना



लक्ष्मीनारायण सेन
खुटेरी गरियाबंद
छत्तीसगढ़

चहुँ ओर की खिला पौधा पलाश।
जगा मन मे एक नया उमंग विश्वास।।
मिट गया मन की सारी अब भड़ास।
मन मे ना रहा किसी के प्रति हरास।।
पुनः आ रहा वसुंधरा पर नववर्ष।
सबके जीवन मे होगा नव उत्कर्ष।।
प्रकृति स्वागत मे लगा क्या खूब।
चमक रहा सूरज का प्रखर धूप।।
कोयल गाती मीठी कूह की गीत।
लगता सबको यह नुतन वर्ष मीत।।
टपकता महुआ अब जंगल मे।
दिखता जन जाति सब मंगल मे।।
जिधर देखो जिसको देखो अभी।
धरा पर मद मस्त है प्राणी सभी।।
पहले आती रंग पर्व लगाते सब रोली।
त्यागते सारी कटुता मनाते हम होली।।
जड़ पर सुखा पत्ता कोपल है शीर्ष।
तरू कर रहा मन को आज आकर्ष।।
रंग भगवा की बना रहा दर्जी ध्वज।
अभी सज रहा कई की माप की ध्वज।।

# देश का भविष्य पानीपत का मैदान

इस वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संघ प्रमुख मोहन भागवत दोनों 75 वर्ष के होंगे। मेरा मानना है आरएसएस के सौ साल पूरे होने के कार्यक्रम के बाद 75 वर्ष की उम्र के हवाले भागवत रिटायर होंगे। पर 75 वर्ष की उम्र के कायदे में नरेंद्र मोदी क्या अपने किसी सहयोगी को सत्ता संभला कर रिटायर होंगे? नामुमकिन है। इसलिए पार्टी, मुख्यमंत्रियों और संगठन (अध्यक्ष मोदी के मनमाफिक ही होगा) के साथ ही संघ में नंबर दो दत्तात्रेय होसबले (उम्र 70 वर्ष) यदि संघ के प्रमुख बनें या कोई और भी बना तो वह प्रधानमंत्री के साये के नीचे ही रहेगा। इसलिए इस वर्ष के आखिर तक संघ परिवार और भाजपा के भविष्य की दिशा तय हो जानी है।सवाल है नरेंद्र मोदी को उत्तर भारत की वोट राजनीति में सबसे ज्यादा किसकी जरूरत है? घूम फिर कर वापिस योगी आदित्यनाथ का चेहरा उभरता है। ऐसी स्थिति बन गई है कि 74 वर्ष के नरेंद्र मोदी और 52 वर्ष के योगी आदित्यनाथ की जोड़ी में ही आगे हिंदू राजनीति है। मैं इसे मामूली बात नहीं मानता जो प्रधानमंत्री मोदी ने महाकुंभ की ब्रांडिंग में योगी आदित्यनाथ का अखिल भारतीय जलवा बनने दिया।सोचें, पूरे देश में पिछले छह महीनों में क्या हुआ है? घर-घर योगी आदित्यनाथ का चेहरा पहुंचा है। सो, योगी से अब कैसे पार पाया जा सकता है? योगी के चेहरे पर ही उत्तर प्रदेश का अगला चुनाव लड़ा जाना है और तीसरी बार यदि योगी की कमान में भाजपा ने चुनाव जीता तो इससे प्रदेश, देश, भाजपा-संघ की आगे क्या दिशा बनेगी, इसकी कल्पना कर सकते हैं! सो भाजपा-संघ अब वह नहीं है जो 2014 से पहले थी। चाल, चेहरे, चरित्र और बुनियाद सब बदल गई है। उसकी प्राण वायु हिंदू भावना है। इसी की बेफिक्री या अहंकार में वही होगा जो हिंदू राजनीति और हिंदुस्तान का अतीत है।मजेदार बात है जो विपक्ष में नरेंद्र मोदी की उम्र के आगे लगभग सभी चेहरे युवा हैं। उनसे चुनौती ही नहीं बननी है। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा की उम्र इतनी कम (54 और 53 वर्ष) है कि उनके आगे अंततः योगी आदित्यनाथ होंगे। इनके साथ अखिलेश यादव (51 वर्ष) तेजस्वी यादव (35 वर्ष), हेमंत सोरेन (49 वर्ष), आदित्य ठाकरे (34 वर्ष), अरविंद केजरीवाल (56 वर्ष) अभिषेक बनर्जी (37 वर्ष), ओवैसी (55 वर्ष), चंद्रशेखर आजाद रावण (39 वर्ष) या स्टालिन, केसीआर, चंद्रबाबू के बेटों की उम्र की कसौटी में हिंदू राजनीति का यदि भविष्य देखें तो आसान नजर आएगा लेकिन देश का भविष्य पानीपत का मैदान बनता हुआ होगा।

-हरिशंकर व्यास-

# एक फिट और स्वस्थ भारत की समस्या ओबेसिटी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने शासन में भारतीय लोगों के स्वास्थ्य को लेकर निरंतर कदम उठाते हुए स्वस्थ भारत निर्मित करने के उपक्रम किए हैं।मोदी युग में स्वास्थ्य के प्रति भारत के दृष्टिकोण में महत्त्वपूर्ण मोड़ को चिह्नित करते हुए मोटापे से जुड़ी स्वास्थ्य चुनौतियों को संबोधित करने पर अधिक ध्यान दिया गया। मोदी ने मोटापे के खिलाफ राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया है, जिसमें भारतीयों से खाना पकाने के तेल की अपनी खपत कम करने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने 23 फरवरी को मन की बात' के 119वें एपिसोड में हेल्थ का जिक्र करते हुए कहा था, एक फिट और स्वस्थ भारत बनने के लिए हमें ओबेसिटी (मोटापा) की समस्या से निपटना ही होगा। एक स्टडी के मुताबिक, आज हर आठ में से एक व्यक्ति मोटापे की समस्या से परेशान है। बीते सालों में मोटापे के मामले दोगुने हो गए हैं, लेकिन इससे भी ज्यादा चिंता की बात है कि बच्चों में भी मोटापे की समस्या चार गुना बढ़ गई है।' प्रधानमंत्री ने सेहत के प्रति जागरूकता लाने और इस क्रम में मोटापे से लड़ने के लिए अपने-अपने क्षेत्र के दस जाने-माने लोगों को नामांकित कर यही रेखांकित किया कि इस समस्या की गंभीरता को समझने एवं समय रहते इसको नियंत्रित करने की अपेक्षा है। उन्होंने आनंद महिंद्रा, दिनेश लाल यादव निरहुआ, मनु भाकर, मीराबाई चानू, मोहन लाल, नंदन नीलेकणि, उमर अब्दुल्ला, आर. माधवन, श्रेया घोषाल, सुधा मूर्ति को नामांकित करते हुए अपेक्षा जताई कि ये सभी मोटापे के खिलाफ क्रांति की अलख जगाने के साथ खाद्य तेल की खपत कम करने के लिए लोगों में जागरूकता पैदा करेंगे। प्रधानमंत्री ने इन लब्ध प्रतिष्ठित हस्तियों से दस-दस और लोग अभियान को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से नामांकित करने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री की यह पहल कुछ वैसी ही है, जैसी उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान को प्रारंभ करते समय की थी। इस जनोपयोगी पहल से देश में मोटापे के प्रति चेतना



जाग्रत होगी और लोग मोटापे को नियंत्रित करने में सफल होंगे। लोगों में मोटापा बढने के कई कारण हैं, जिनमें अति, अहितकर और प्रतिकूल भोजन के अलावा व्यायाम की कमी और तनाव शामिल हैं। पोषण में सुधार, गतिविधि बढ़ाने और जीवन शैली में अन्य बदलाव करने से लोगों को मोटापे को कम करने में मदद मिल सकती है। मोदी की पहल से मोटापा नियंत्रित करने के अनुकूल परिणाम तभी सामने आ सकते हैं, वांछित सफलता तभी संभव है, जब लोग समझेंगे कि स्वस्थ जीवन शैली उन्नत राष्ट्र ही नहीं, उन्नत स्वास्थ्य का भी आधार है। आज की सुविधा एवं भौतिकतापूर्ण जीवन शैली मोटापा बढ़ाने का काम कर रही है। अब लोग उतना शारीरिक श्रम नहीं करते, जितना पहले अपनी सामान्य दिनचर्या के तहत किया करते थे। मोटापे को नियंत्रित करने में योग, ध्यान, प्रातःभ्रमण एवं व्यायाम की भी महत्त्वपूर्ण भूमिका है। किसी विचारक ने लिखा भी है, मनुष्य के सबसे बड़े चिकित्सक हैं-शांति, प्रसन्नता और खुराक।' यह हकीकत है कि लोग खानपान में संयम एवं सतर्कता बरतें, शारीरिक सक्रियता बढ़ाएं और योग-व्यायाम को जीवन का हिस्सा बना लें तो मोटापे को भगा सकते हैं। मोटापा अनेक बीमारियों का घर है, जो केवल कार्यक्षमता को कम करने का ही काम नहीं करता, बल्कि स्वास्थ्य पर खर्च भी बढ़ाता है। जीवन को जटिल एवं अस्त-व्यस्त बना देता है। शरीर स्वस्थ रहता है, तो लोग मानसिक एवं भावनात्मक रूप से भी स्वस्थ रहते हैं, और अपना काम कहीं अधिक तत्परता एवं निपुणता से करते हैं। इसका लाभ केवल उन्हें ही नहीं, बल्कि परिवार, समाज और देश को भी मिलता है। यही सशक्त एवं विकसित भारत का आधार भी है। अच्छी बात है कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्वस्थ जीवन शैली की जरूरत को समझा, लेकिन इसके लिए जागरूकता अभियान छेड़ने के साथ ही मिलावटी और दोयम दर्जे की खाद्य सामग्री की बिक्री रोकने के लिए भी कुछ करना होगा। मोदी की पहल जहां स्वास्थ्य क्रांति का माध्यम बनेगी, वहीं मिलावट नियंत्रण के प्रति भी जागरूक करेगी। किसी से छिपा नहीं है कि देश में मिलावटी और दोयम दर्जे की खाद्य सामग्री बनती एवं बिकती है। खाद्य पदाथरे की गुणवत्ता के मानकों की अनदेखी के चलते दोयम दर्जे की खाद्य सामग्री घरों में भी इस्तेमाल होती है। इनमें खाद्य तेल एवं घी प्रमुख हैं। आज जब बाजार का खाना खाने का चलन बढ़ रहा है, तब सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए कि उसकी शुद्धता एवं गुणवत्ता से कोई समझौता न होने पाए। इसी अभिक्रम से भारत का जन-जन स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन और स्वस्थ भावनाओं का अखूट वैभव लिए शक्ति, स्फूर्ति, शांति, आनन्द एवं शारीरिक संतुलन से भरपूर दिव्य जीवन की यात्रा के लिए प्रस्थित हो सकता है। इससे हम मोटापा-मुक्त भारत के संकल्प को हकीकत बना सकते हैं।


-ललित गर्ग-

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा। -सम्पादक



# नगर पालिक निगम अंबिकापुर के नवनिर्वाचित महापौर एवं पार्षदों ने ली शपथ

## कलेक्टर विलास भोसकर ने दिलाई शपथ,मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष शपथ ग्रहण समारोह में हुए शामिल



-संवाददाता-
अंबिकापुर 02 मार्च 2025
(घटती-घटना)।
नगर पालिक निगम अंबिकापुर पीजी कॉलेज हॉकी स्टेडियम में आज नवनिर्वाचित महापौर एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर विलास भोसकर ने नवनिर्वाचित महापौर श्रीमती मंजूषा भगत एवं पार्षदों को 8-8 के समूह में शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह एवं कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने नव निर्वाचित महापौर श्रीमती मंजूषा भगत एवं पार्षदों को बधाई देकर नगर विकास के लिए शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि नगर निगम अंबिकापुर के महापौर एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में हम सब साक्षी बने, कार्यक्रम में प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, मंत्री श्री रामविचार नेताम एवं सरगुजा सांसद श्री चिंतामणि महाराज एवं विधायकों की उपस्थिति में शपथग्रहण समारोह भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर उन्होंने कहा कि महापौर एवं पार्षदों के लिए जनता से बहुत बड़ा विश्वास मिला है। हमारे महापौर और पार्षद जनता के विश्वास पर खरा उतरेंगे, हमने जो अटल विश्वास पत्र जारी किया था उसे हमारी सरकार पूरा करेगी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि कृषि मंत्री रामविचार नेताम, सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज, अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### महापौर व हमारे पार्षद जनता की उम्मीदों पर उतरेंगे खारा

शपथ ग्रहण कार्यक्रम में पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि अंबिकापुर नगर निगम के महापौर व पार्षदों का भव्य शपथ ग्रहण सामारोह संपन्न हुआ। जिसके हम साक्षी बने। आयोजन में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमण सिंह भी शामिल हुए। जनता का विश्वास मिला है। मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि महापौर व हमारे पार्षद जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। विकास का काम सरकार करवाएगी। निगम चुनाव के दौरान हमने जो अटल विश्वास पत्र सामने लाया है उसका शतप्रतिशत क्रियान्वयन किया जाएगा। वहीं उन्होंने गंगाजल को लेकर बनी विवाद की स्थिति के परिपक्ष में कहा कि कोई भी नया काम शुरू करते हैं,गृह प्रवेश करते हैं तो अपनी परंपरा के अनुसार पूजा पाट किया जाता है। ईष्ट देवता की मूर्ति स्थापित करते हैं और कोई भी शुभ काम करने से पूर्व गंगाजल से शुद्धिकरण कर अभिमंत्रित करते हैं। कांग्रेस द्वारा किए जा रहे विरोध के सवाल पर उन्होंने कहा कि गंगा जल को विवादित करना अनुचित है।

## चोरी की दो नाग बाइक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार




-संवाददाता-
अंबिकापुर,02 मार्च 2025
(घटती-घटना)।
गांधीनगर पुलिस ने दो नाग चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।
जानकारी के अनुसार अनिल शर्मा कृष्णानगर थाना मानिकपुर का रहने वाला है। 2 जनवरी की शाम को अपनी बाइक क्रमांक सीजी 15 सीसी 2084 घर के बाहर खड़ा किया था। दूसरे दिन सुबह तक अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई थी। अनिल ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाना में दर्ज कराई थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कर रही थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी गौरव श्रीवास्तव पिता संतोष श्रीवास्तव उम्र 23 साल निवासी नमनाकला पानी टंकी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की दो बाइक जब्त की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

### देशभर में लगभग 150 स्थानों पर हुए विविध आयोजन

## अणुव्रत आंदोलन का 77 वां स्थापना दिवस मनाया गया



-संवाददाता-
अंबिकापुर,02 मार्च 2025
(घटती-घटना)।
अहिंसक, शांतिमय व आदर्श समाज निर्माण के लिए कृतसंकल्पित अणुव्रत आंदोलन अपने प्रवर्तन के 76 वर्ष पूर्ण कर अपना 77वां स्थापना दिवस मना रहा है। एक सामाजिक आंदोलन का सात दशक बाद भी सक्रिय और प्रासंगिक बने रहना इतिहास की विलक्षण घटना है। 20वीं सदी के महान संत अणुव्रत प्रवर्तक आचार्य श्री तुलसी के दूरदर्शी चिंतन का ही यह परिणाम है कि जन जन के जीवन में जागृति लाने वाले अणुव्रत के दर्शन को सभी जाति, धर्म और वर्ग का सहयोग, सम्मान और समर्थन प्राप्त हुआ।

वर्तमान में अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य श्री महाश्रमण जी के आध्यात्मिक मार्गदर्शन में अणुव्रत की प्रतिनिधि वैश्विक संस्था अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी देश भर में फैले अपने 200 से अधिक शाखाओं के माध्यम से व्यक्ति सुधार और समाज सुधार के कार्य निरंतर कर रही है। अणुविभा के नाम से लोकप्रिय संस्था संयुक्त राष्ट संघ के सिविल सोसायटी विभाग से सम्बद्ध है।

77वें अणुव्रत स्थापना दिवस के उपलक्ष में देशभर में लगभग 150 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अणुव्रत समिति, अंबिकापुर द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

स्थानीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रमो में जन शिक्षण संस्थान में संस्था के निर्देशक एम सिद्धकी, सरस्वती महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वी पी तिवारी के निर्देशन में,सरस्वती शिशु मंदिर की प्राचार्या श्रीमती मीरा साहू के मार्ग दर्शन में, स्मार्ट प्रे स्कूल कुंडला सिटी में समिति के मंत्री और स्वीटी महनोत, मनोज बोथरा, हनुमान डागा, संगीता बोथरा शिल्पी सेठिया की उपस्थिति में, एवं शासकीय स्नात्तकोत्तर स्कूल प्रतापपुर में संतोष भारती के मार्ग दर्शन में मनाया गया। यह जानकारी राज्य प्रभारी श्रीमती ममोल कोचेटा ने दी।



## राष्ट्रीय मिक्स नेटबाल में सरगुजा जिला शबनम नाज़ का चयन

-संवाददाता-
अंबिकापुर,02 मार्च 2025
(घटती-घटना)।
सरगुजा जिला नेटबाल संघ की और शासकिय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अम्बिकापूर की शबनम नाज़ पिता नेजाम खान सायकल मेकेनिक की बेटी



छत्तीसगढ़ प्रदेश मिक्स नेटबाल टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय मिक्स नेटबाल चैम्पियनशिप प्रतियोगिता भिवानी हरियाणा में खेलेगी। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि शबनम नाज़ विगत तीन वर्षों से नेटबाल खेल रही है, शबनम नाज़ शासकिय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अम्बिकापूर की तीन वर्षों से नेटबाल खेल का प्रतिनिधित्व कर रही, साथ ही राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का भी प्रतिनिधित्व करते आ रही है। शबनम नाज़ को संस्था के प्राचार्य व जिला नेटबाल संघ के पदाधिकारियों के साथ सभी खिलाड़ियों ने बधाई दी।

## पीसीबी ट्रॉफी में चंदन नगर की हरिहरपुर क़े सामने धमाकेदार जीत



**रात्रिकालीन पीसीबी ट्रॉफी 2025 अंतर्रग्रामीण फुटबॉल टूर्नामेंट में चंदन नगर 4-0 से हरिहरपुर के सामने जीत, 26 मार्च से चल रही प्रतियोगिता में 25 टीम में 360 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया**

-संवाददाता-
अंबिकापुर,02 मार्च 2025
(घटती-घटना)।
हरिहरपुर और चंदन नगर के बीच शनिवार को खले गए पीसीबी ट्रॉफी रात्रिकालीन फुटबॉल टूर्नामेंट के रोमांचक फाइनल मुकाबले में चंदन नगर ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 4-0 से एकतरफा जीत दर्ज की।

चंदन नगर की टीम ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, अद्भुत टीम वर्क और रणनीतिक खेल से दर्शकों का दिल जीत लिया। वहीं हरिहरपुर की टीम ने चंदन नगर के कुशल क्षेत्र रक्षण के आगे घुटने टेक दिए और अंत तक एक गोल भी नहीं दाग सके। चंदन नगर की ओर से आईबरन सिंह मरकाम, नीलेश मरकाम, बलजीत कमरो और कृष्णा जगत ने एक-एक गोल दागकर टीम को शानदार जीत दिलाई।

**ये खिलाड़ी हुए पुरस्कृत-** पुरस्कार वितरण समारोह में सबसे पहले मुख्य अतिथियों द्वारा पीसीबी ट्रॉफी उपविजेता टीम हरिहरपुर को 21000 का नगद पुरस्कार तथा उपविजेता पीसीबी कप प्रदान किया गया। अंत में पीसीबी ट्रॉफी की विजेता टीम,चंदन नगर को 31000 का नगद पुरस्कार तथा पीसीबी विजेता कप से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही टूर्नामेंट में उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए निम्न खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया गया, जिनमें मैन ऑफ द मैच- राजेंद्र कुमार मरकाम (चंदन नगर) बेस्ट गोलकीपर अजीत सिंह पोर्ते (साल्ही) बेस्ट डिफेंडर- नागेश मरकाम (चंदन नगर) बेस्ट स्कोरर- योगेंद्र सिंह उईके (चंदन नगर) - 4 गोल मैन ऑफ द सीरीज- राजेंद्र कुमार मरकाम (चंदन नगर)।

## शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्रा बनी उप निरीक्षक



-संवाददाता-
सूरजपुर,02 मार्च 2025
(घटती-घटना)।
शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 2020-21 में एमएससी वनस्पतिशास्त्र की छात्रा रही कुमारी शकुंतला पैकरा पिता केश्वर राम को छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग में उप निरीक्षक के पद पर नियुक्ति मिलने पर हार्दिक बधाई। महाविद्यालय परिवार ने छात्रा को शुभकामनाएं प्रेषित की है। कुमारी शकुंतला पैकरा 2019 से 2021 तक एमएससी वनस्पतिशास्त्र की नियमित छात्रा के रूप में महाविद्यालय में अध्ययनरत रही है। एमएससी के उपरांत छात्रा शासकीय महाविद्यालय प्रेमनगर जिला सूरजपुर में डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर अस्थाई रूप से कार्यरत रही। महाविद्यालय में कार्य करते हुए छात्रा ने छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग की उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा-2021 मे सफलता प्राप्त की । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एच. एन. दुबे एवं विभाग अध्यक्ष श्री टी.आर. राहंगडाले द्वारा छात्रा को शुभकामनाएं प्रेषित की है। महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापकों द्वारा छात्रा की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया गया है तथा सभी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## उद्योग विभाग की भूमि निगम के कर्मचारी कर रहे थे अतिक्रमण



-संवाददाता-
अंबिकापुर,02 मार्च 2025
(घटती-घटना)।
उद्योग विभाग की भूमि पर नगर निगम के दो कर्मचारी द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा था। सूचना पर उद्योग विभाग व नगर निगम की टीम द्वारा कार्रवाई की गई। औद्योगिक क्षेत्र गंगापुर खुर्द स्थित खसरा नंबर 295/1 में उद्योग विभाग की भूमि है। नगर निगम के नियमित व प्लेसमेंट कर्मचारी नौरतन गुप्ता पिता राजकिशेर एवं रमाशंकर रवी द्वारा अतिक्रमण कर निर्माण कराया जा रहा था। उद्योग विभाग के चौकीदार ने इसकी जानकारी विभाग को दी थी। सूचना पर उद्योग विभाग के महाप्रबंधक, प्रबंधक एवं सहायक प्रबंधक साथ ही राजस्व विभाग से हल्का पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक एवं निगम की टीम मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की है। इस दौरान टीम द्वारा दोनों अतिक्रमणकारियों को समझाइश दी गई और निर्माण सामग्री को जब्त किया गया।

# जेलेंस्की से ही नहीं,व्हाईट हाउस में ट्रंप के साथ इन नेताओं की भी नहीं जमी

**डोनाल्ड ट्रंप ने 20 जनवरी 2025 को अमेरिकी राष्ट्रपति पद की शपथ ली, अमेरिका के राष्ट्रपति बनते ही डोनाल्ड ट्रंप ने कई बड़े फैसले किए**

**डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति बनने के बाद कई देशों के नेताओं ने उनसे मुलाकात की, हाल में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से भी ट्रंप की तीखी बहस देखने को मिली**



**नई दिल्ली।** डोनाल्ड ट्रंप ने इस साल 20 जनवरी को अमेरिका के राष्ट्रपति के पद की कमान संभाली। ट्रंप दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बने। यूएस प्रेसिडेंट की कमान संभालते ही ट्रंप ने फैसले पर फैसले लिए। पद संभालने के करीब 40 दिन के भीतर उन्होंने व्हाइट हाउस में सात देशों के नेताओं से मुलाकात की। इन नेताओं में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, इजरायल के पीएम नेतन्याहू, फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रॉन, यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की,जॉर्डन के किंग अब्दुल्लाह और जापानी पीएम इशिबा शामिल है। हाल के दिनों में ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति से भी मुलाकात की, इस दौरान दोनों नेताओं में तीखी बहस देखने को मिली। इसका वीडियो भी सामने आया।

## कई देशों के नेताओं से भिड़े डोनाल्ड ट्रंप

दूसरी बार अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने कई देशों के नेताओं से मुलाकात की और इस दौरान कई नेताओं को असहजता का सामना करना पड़ा। ट्रंप ने जिस अंदाज में कुछ नेताओं से मुलाकात की ऐसे में कई सवाल खड़े हो गए। यूएस प्रेसिडेंट का ये अंदाज देखने के बाद कई लोगों के मन में सवाल खड़े हुए कि आखिर ट्रंप चाहते क्या हैं? आइए आपको इन नेताओं के बारे में बताते हैं, जिन्होंने ट्रंप के साथ मुलाकात के दौरान असहजता महसूस की।

### जेलेंस्की और ट्रंप के बीच तीखी बहस

गत 28 फरवरी को युद्धग्रस्त यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की व्हाइट हाउस पहुंचे। इस दौरान माना गया है कि रूस और यूक्रेन के बीच चल रही वॉर में समाधान के रास्ते खुल सकते हैं। लेकिन इस बैठक में जो कुछ हुआ, इसका किसी को अंदाजा नहीं था। ओवल ऑफिस में जेलेंस्की और डोनाल्ड ट्रंप के बीच जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस चल रही थी। इस दौरान अमेरिका के उप राष्ट्रपति जेडी वेंस भी उपस्थित थे। शुरुआत में ये चर्चा काफी सलीके से चली, लेकिन देखते ही देखते ये चर्चा तीखी बहस में बदल गई। बहस के दौरान माहौल काफी गर्म हो गया, बातों ही बातों में ट्रंप-वेंस और जेलेंस्की एक-दूसरे की तरफ उंगली दिखाते भी नजर आए। इस चर्चा के दौरान ट्रंप ने कई बार जेलेंस्की को



फटकार भी लगाई। ट्रंप ने यह तक कह डाला कि जेलेंस्की तीसरा विश्वयुद्ध कराने का जुआ खेल रहे हैं।

### फ्रांस के राष्ट्रपति से भी उलझ गए थे डोनाल्ड ट्रंप

हाल के दिनों में फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रॉन भी व्हाइट हाउस। पहुंचे। फ्रांस के राष्ट्रपति और डोनाल्ड ट्रंप के बीच कई मुद्दों पर बातचीत हुई। हालांकि, कुछ मुद्दों पर ट्रंप की बातों से फ्रांस के राष्ट्रपति असहमत नजर आए। बता दें कि अपने अनुभव के आधार पर मैक्रॉन ने शांति के साथ ट्रंप की गलत बातों का भी जवाब दिया। दरअसल, दोनों नेताओं के बीच मुलाकात के बाद जब संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग की जा रही थी, इस दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ने यूक्रेन की मदद की है, जबकि यूरोपीय देशों ने उसको उधार दिया है। इसी बीच फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रॉन ने उन्हें बीच में टोका और कहा कि नहीं ऐसा नहीं है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा था कि हमारी ज्यादातर मदद शांति के लिए थी किसी कर्जे के तौर पर नहीं।

### जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला को ट्रंप ने दी धमकी

दूसरी बार कार्यकाल संभालने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने जॉर्डन के किंग अब्दुल्लाह से भी मुलाकात की थी। ये दोनों नेताओं के बीच ये मुलाकात व्हाइट हाउस में हुई थी। डोनाल्ड ट्रंप ने जॉर्डन के किंग अब्दुल्लाह को खुद रिसीव किया था। इस दौरान वह गेट तक पहुंचे थे। हालांकि, ओवल ऑफिस में पीसी के समय ट्रंप जॉर्डन के किंग पर भड़क उठे थे। डोनाल्ड ट्रंप ने सख्त लहजे में किंग अब्दुल्लाह से कहा था कि हम गाजा पर कंट्रोल करने जा रहे हैं और फिलिस्तीनियों को गाजा के अलावा किसी और सुरक्षित जगह पर बसाने की प्लानिंग है। इस दौरान जार्डन किंग ने पहले योजना पर सहमति देने और फिलिस्तनियों को जार्डन में बसाने से इनकार कर दिया। इसके बाद डोनाल्ड ट्रंप ने जॉर्डन और इजिप्ट को सीधे तौर पर धमकी दी और कहा कि अगर उनकी बात को नजरंदाज किया गया तो उनको दी जाने वाली मदद को बंद कर दिया जाएगा। इसके साथ ही टैरिफ लगाए जाएंगे।

### जापान के पीएम से अमेरिकी राष्ट्रपति की मुलाकात

डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करने लिए जापान के पीएम इशिबा भी व्हाइट हाउस पहुंचे थे। दोनों नेताओं की मुलाकात के दौरान कई मुद्दों पर चर्चा की गई। जापान के साथ बढ़ते व्यापारिक घाटे को ट्रंप ने सीधे तौर पर इसीबा के सामने रखा और यहां पर जापान ने अपना प्लान सामने रखा। अगर इस मुद्दे को किनारे किया जाए, तो बाकी जापानी पीएम की यात्रा शानदार रही।

### ब्रिटिश पीएम से भी मिले ट्रंप

गत दिनों व्हाइट हाइस में ब्रिटिश के पीएम कीर स्टार्मर ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद डोनाल्ड ट्रंप और ब्रिटिश के पीएम कीर स्टार्मर ने संयुक्त पीसी किया। इस दौरान सवाल किया गया कि अगर यूक्रेन में ब्रिटिश सेना तैनात होती है तो क्या अमेरिका उसकी मदद करेगा? इस दौरान ट्रंप ने कहा कि नहीं। क्योंकि उन्होंने कहा कि ब्रिटिश अच्छे से अपना ख्याल रखना जानता है। हालांकि, कुछ देर बाद उन्होंने कहा था कि अगर ब्रिटेन को मदद की जरूरत होगी तो अमेरिका उसकी मदद जरूर करेगा। ठीक इसके बाद ट्रंप ने ब्रिटिश पीएम से पूछा था कि क्या आप अकेले रूस का मुकाबला कर पाएंगे? इस सवाल का ब्रिटिश पीएम ने कोई जवाब नहीं दिया, लेकिन इस दौरान वह मुस्कुराते जरूर दिखे।

**भाजपा पर्यवेक्षक शिवरतन शर्मा ने बीजेपी पार्षदों से की रायशुमारी**

# नगर निगम अंबिकापुर में सभापति चयन हेतु भाजपा पार्षद दल की बैठक सम्पन्न



-संवाददाता-
अंबिकापुर,02 मार्च 2025 (घटती-घटना)।

आज संकल्प भवन भाजपा कार्यालय में भाजपा पर्यवेक्षक विधायक शिव रतन शर्मा के मुख्य आतिथ्य में नगर पालिक निगम अंबिकापुर में सभापति चयन हेतु भाजपा पार्षद दल की बैठक सम्पन्न हुई। भाजपा जिला संगठन प्रभारी ज्योति नंद दुबे, अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, लूंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंह देव, पूर्व ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सोनी, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर, महापौर मंजूषा भगत, पूर्व सांसद कमल भान सिंह तथा पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह की उपस्थिति में सभापति चुनाव हेतु प्रदेश संगठन से नियुक्त पर्यवेक्षक शिवरतन शर्मा ने सभी भाजपा पार्षदों से अलग अलग रायशुमारी की। इस अवसर पर उपस्थित पार्षद दल को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस बार नगरीय निकाय चुनाव में हमें जनता जनार्दन ने भरपूर आशीर्वाद देकर एतिहासिक जीत दिलाई है, अब हमें इस जीत का सम्मान करते हुए आम जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना है। अंबिकापुर नगर निगम में सभापति चयन की प्रक्रिया जल्द ही पूर्ण कर हमें अंबिकापुर नगर के विकास को डबल इंजन की भाजपा सरकार के साथ तीव्र गति से आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम का संचालन पूर्व ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सोनी ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, देव नाथ पैकरा, अंबिकेश केशरी, आलोक दुबे तथा विनोद हर्ष सहित भाजपा के सभी नवनिर्वाचित पार्षद उपस्थित रहे।

# मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ के निर्देशों की धज्जियां उड़ाते दिखे कृषि मंत्री के करीबी, प्रशासन ने नहीं दिखाई करवाई की हिम्मत : सुनील सिंह



-संवाददाता-
बलरामपुर,02 मार्च 2025 (घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के कांग्रेस जिला प्रवक्ता व ब्लॉक अध्यक्ष सुनिल सिंह ने प्रेसनोट जारी कर कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन द्वारा दिए गए निर्देशों की धज्जियां उड़ाते हुए फ़ोटो और वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रही है और रामानुजगंज पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। कांग्रेस प्रवक्ता सुनील सिंह ने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए भाजपा सरकार से पूछा है कि क्या स्थानीय पुलिस उच्च न्यायालय एवं मुख्य सचिव से भी उपर हैं। उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ एवं मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ के आदेश के विपरीत रामानुजगंज में सड़क में केक काटने एवं आतिशबाजी करने वाले लोग कौन है, किसके इशारे पर पुलिस करवाई करने से पीछे हट रही है। हाल ही में छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने प्रदेश के समस्त बड़े अधिकारियों के साथ अहम बैठक कर निर्देश दिया था कि सड़क में किसी का जन्म दिन या कोई भी निजी कार्य करने वाले के विरुद्ध दंडात्मक करवाई की जाएगी एवं सभी जिले के एसपी इस बात का कड़ाई से पालन कराएंगे, मुख्य सचिव के इस आदेश का कड़ाई से पालन भी हो रहा था जिसके तहत पूर्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं तथा रायपुर शहर के नवनियुक्त महापौर मीनल चौबे के पुत्र द्वारा सड़क में केक काटकर जन्म दिवस मनाने के मामले में उसपर दंडात्मक करवाई भी की गई,मगर अन्य जगह इस आदेश का खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है और प्रशासन हाथ पर हाथ धरे आराम कर रही है,गत दिवस 01 मार्च को छत्तीसगढ़ शासन के कृषि मंत्री रामविचार नेताम का जन्म दिवस था इस अवसर पर रामानुजगंज भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं में बीच सड़क पर केक काटते हुए एवं आतिशबाजी करते हुए मुख्य सचिव के आदेशों की जमकर धज्जियां उड़ाई और विधिवत इसका वीडियो एवं फ़ोटो सोशल मीडिया पर वायरल भी किया गया लेकिन पुलिस प्रशासन करवाई की हिम्मत नहीं जुटा पा रही है।

### रायपुर के महापौर पुत्र पर करवाई,तो रामानुजगंज भाजयुमो पर प्रशासन आखिर मेहरबान क्यों

कांग्रेस प्रवक्ता सुनील सिंह ने स्थानीय प्रशासन पर सवाल खड़े करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन द्वारा जारी निर्देश के विपरीत सड़क पर केक काटने वाले रायपुर के नवनियुक्त महापौर मीनल चौबे के सुपुत्र पर दंडात्मक करवाई की गई है,तो वही बीच सड़क पर केक काटकर उत्पात मचाने वाले रामानुजगंज भाजयुमो कार्यकर्ताओं पर रामानुजगंज पुलिस कार्यवाही करने से क्यों पीछे हट रही है क्या रामानुजगंज पुलिस की नजर में उच्च न्यायालय एवं मुख्य सचिव के आदेशों से भी बड़े हैं जो उनके आदेशों की अवहेलना कर रहे हैं,या फिर रामानुजगंज पुलिस किसी दबाव में हैं। कांग्रेस प्रवक्ता सुनील सिंह ने कहा कि रामानुजगंज क्षेत्र में ज्यादातर पुलिसकर्मी नियमविरुद्ध तरीके पोस्टेड हैं शायद इसी एहसान का कीमत चुकाने में व्यस्त हैं और भाजयुमो कार्यकर्ताओं पर मेहरबानी दिखाते हुए उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ एवं मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ के आदेशों का अवहेलना करते हुए भाजयुमो कार्यकर्ता पर करवाई करने के बजाए मेहरबानी किया जा रहा है। नियमविरुद्ध तरीके से थाना एवं चौकी का प्रभार दिए जाने से नियमविरुद्ध तरीके से मलाईदार पोस्ट पर पदस्थ हैं,शायद इसी एहसान के नीचे दबकर सत्ता पक्ष के भाजयुमो कार्यकर्ता पर मेहरबानी दिखाते हुए करवाई करने से पीछे हट रही है,आगे सुनील सिंह ने ये भी कहा कि यदि स्थानीय पुलिस प्रशासन ने इस मामले को संज्ञान में नहीं लिया तो इस संबंध में कार्यवाही के लिए हर स्तर पर बात उठाई जाएगी। बहरहाल विचारणीय तथ्य है कि मुख्य सचिव के आदेशों की अवहेलना करने वाले पर करवाई होती है या सब लिपापोती होती है।

# खड़गवां में अतिक्रमण हटाने गई राजस्व टीम से किया गया बदसलूकी, पुलिस ने भेजा दो आरोपी को जेल उसमें से एक फरार

-संवाददाता-
एमसीबी,02 मार्च 2025 (घटती-घटना)।



कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार 01 मार्च 2025 को खड़गवां विकासखंड मुख्यालय में महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय के मार्ग को पूर्णतः अवरुद्ध करते हुए पक्का दुकान का निर्माण प्रारंभ किए जाने की सूचना मिलने पर राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर पटवारी एवं कोटवार की सहायता से निर्माणाधीन अतिक्रमण को हटाया। मुख्यमार्ग पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकारी मनोज कुमार पिता रामनरेश साहू निवासी ग्राम खड़गवां ने अपने दो अन्य सहयोगियों रामलाल पिता स्व. हरप्रसाद निवासी ग्राम खड़गवां एवं बसंत पिता बेचू निवासी ग्राम सैंदा के साथ मिलकर राजस्व विभाग की टीम से गाली-गलौज की और अन्य लोगों को इकट्ठा कर टीम को डंडे से भगाने का प्रयास किया, जिससे शांति व्यवस्था भंग हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही तहसीलदार खड़गवां एवं थाना प्रभारी खड़गवां ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले में कुल तीन आरोपियों में से दो आरोपी मनोज कुमार पिता रामनरेश साहू एवं रामलाल पिता स्व. हरप्रसाद (दोनों निवासी ग्राम खड़गवां) को गिरफ्तार कर रात्रि में ही जेल भेज दिया। वहीं तीसरा आरोपी बसंत पिता बेचू निवासी ग्राम सैदा फरार है, जिसकी पता-साजी जारी है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय कार्य में बाधा डालने या किसी भी तरह से शांति व्यवस्था बिगाड़ने पर तत्काल विधिवत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# महान 2 और धाजागीर में अवैध कोयला का खनन जारी,पिकअप ज़ब्त

-संवाददाता-
बलरामपुर,02 मार्च 2025 (घटती-घटना)।

सरगुजा संभाग में कोल माफिया के सामने अफसर नतमस्तक हैं। बलरामपुर जिले के राजपुर के दुप्पी चौरा महान 2,मरकाडांड के धाजागीर में कोल माफिया अवैध कोयला खनन कर रहे हैं। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक पिकअप से 3 टन अवैध कोयला के साथ चालक को गिरफ्तार किया। अवैध कोयला खनन की जानकारी अफसरों को भी है, लेकिन अब तक अफ़सर बड़े माफिया को नहीं पकड़ सके हैं। यही वजह है कि सुबह और शाम ढलते ही एक्सीवेटर मशीन और मजदूरों को खनन में लगा दिया जाता है और हर रोज 10-15 वाहनों के माध्यम से तस्करी की जा रही है इसकी जानकारी अफसरों को भी। अवैध कोयला खनन में कुछ नेताओं का नाम सामने आ रहा है।



राजपुर मुख्यालय के दुप्पी चौरा महान 2, मरकाडांड के धाजागीर में कोल माफियाओं के द्वारा आसपास गांव के मजदूरों को लगाकर बड़े पैमाने पर कोयला का अवैध खनन कराया जा रहा है। एक्सीवेटर मशीन और मजदूर सुबह व शाम होते ही पहुंच जाते हैं और गड्ढे से कोयला निकालकर बाहर इकट्ठा करते हैं। रात्रि व अलसुबह कोयला को लोड़ कर आसपास के ईंट भट्ठों में भेज रहे हैं। कोल माफियाओं के द्वारा ग्रामीणों को तीन टन कोयला लोड करने का तीन हजार रुपए देते हैं। वही कोयला को 20 से 22 हजार रुपए में बेच रहे हैं। पुलिस ने बीती रात्रि मुखबिर की सूचना पर महान 2 खदान के पास से अंबिकापुर गांधीनगर निवासी 40 वर्षीय हीराधन पिता तिलक देवांगन को पिकअप वाहन में 3 टन कोयला के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने ज़ब्त कोयला का अनुमानित लागत 12 हज़ार रुपए आंकी है।

### तस्करी कई साल से लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं

दुप्पी चौरा महान 2, मरकाडांड के धाजागीर क्षेत्र से कोयला खनन पिछले कई साल से चल रहा है, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं होने से कोल माफियाओं के हौसला बुलंद हैं। गांव के ग्रामीणों का कहना है कि पिछले साल अफसरों को जानकारी दी थी, लेकिन कार्रवाई से पहले अफसर और कर्मचारियों द्वारा माफिया को जानकारी दे दी जाती है और जांच के नाम पर खानापूर्ति कर वे चले जाते हैं। अवैध कोयला को पिकअप, ट्रैक्टर, टिपर वाहन से आसपास क्षेत्र के ईट भट्ठों में पहुंचाया जा रहा है।

एसडीएम राजीव जेम्स कुजुर ने कहा कि माइनिंग व राजस्व विभाग की टीम मौके पर जाएगी निरीक्षण के बाद अवैध कोयला खनन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

# नहीं मिले मजदूर तो धान खरीदी केंद्र के प्रभारी ने स्कूली छात्राओं से कराई हमाली



-संवाददाता-
बलरामपुर,02 मार्च 2025 (घटती-घटना)।

बलरामपुर में स्कूली छात्रों को मजदूरी कराने का शर्मनाक मामला सामने आया है। जहां चंद पैसों का लालच देकर स्कूली छात्राओं से भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। जिन हाथों में किताबें होनी चाहिए उन हाथों से हमाली का काम कराया जा रहा है।

यह पूरा मामला बलरामपुर जिले के शासकीय धान खरीदी केंद्र वाड्रफनगर का है. जानकारी के मुताबिक,स्कूली छात्राओं को परीक्षा के समय पैसे का लालच देकर काम करने के लिए बुलाया गया। ये छात्राएं कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में 7वीं,9 वीं और 11 वीं कक्षा में पढ़ती हैं।

हैरानी के बात यह है कि इन स्कूली छात्राओं को हमाली का काम करने के लिए धान खरीदी केंद्र के प्रभारी ने ही बुलाया था। जिसके बाद केंद्र प्रभारी ने खुद खड़े होकर स्कूली छात्राओं से काम कराया। अब सवाल है कि क्या धान खरीदी केंद्र प्रभारी राजकुमार यादव के खिलाफ प्रशासन कोई एक्शन लेता है या नहीं।

CMYK

# जिले के हर व्यक्ति को फाइलेरिया की दवाई खिलाकर जड़ से किया जाएगा उन्मूलन

-संवाददाता-
जशपुरनगर,02 मार्च 2025
(घटती-घटना)।

कलेक्टर श्री रोहित व्यास के मार्गदर्शन में 27 फरवरी से 13 मार्च तक घर घर चलाया जा रहा है अभियान राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम 27 फरवरी से 13 मार्च तक फाइलेरिया का जड़ से उन्मूलन करने के लिए चलाया जा रहा है। जिसके तहत स्कूल, कॉलेजों में जाकर फाइलेरिया उन्मूलन के लिए दवाइयां खिलाई जाएंगी। जिसमें आइवरमेक्टिन, एल्बेंडाजोल एवं डीईसी की गोलियों को दिया जाएगा एवं युवाओं तथा बच्चों को अपने आस पास जागरूकता फैलाने हेतु जानकारियां दी जा रही। इसके तहत पहले प्रत्येक पारा टोला में जाकर बूथ कैंप लगाकर दवाओं का वितरण किया जाएगा। इसके बाद घर घर जाकर मितानिनों द्वारा बचे लोगों का सर्वे कराकर उन्हें दवाइयां दी जाएंगी।

स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार फाइलेरिया-मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन पीसीआई इंडियन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा -एक सामान्य जानकारी फाइलेरिया एक वेक्टर जनित बीमारी है जो संक्रमित मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है। क्यूलेक्स मच्छर जमे हुए गंदे पानी में पैदा होते हैं। हाथीपांव एवं हाइड्रोसील इसके प्रमुख लक्षण हैं। इस बीमारी की गति काफी धीमी होती है जिसके कारण लोग इसके प्रति लापरवाह रहते हैं। फाइलेरिया बीमारी किसी भी उम्र में किसी को भी हो सकता है मच्छर सभी को काटती है । संक्रमण होने के 6-7 वर्षों के बाद इसके लक्षण दिखाई देते हैं



हाथीपांव का अंतिम चरण काफी भयंकर होता है जो व्यक्ति को अपंग बना देता है एवं इसका कोई ईलाज भी नहीं है। MDA/IDA क्या है। सामूहिक दवा सेवन के अंतर्गत DOT पद्धति यानि कि ट्रिपल ड्रग।इस अभियान में तीन तरह की फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जाएगी वो भी साल में बस एक बार हाथीपांव होगा साफ़,दवा सेवन के उपरांत आपको अपने शरीर में कुछ लक्षण दिखाई देंगे। सिर दर्द,बुखार,उल्टी तो घबराए नहीं ये लक्षण शुभ संकेत है। कि अपने दवा सेवन किया और आपके शरीर में माइक्रोफाइलेरिया पाए गए हैं जिन पर दवा का असर हुआ है IVERMECTIN,DEC एवं ALBENDAZOLE दवा पूरी तरह से सुरक्षित है।



# तीन साल पहले बेरहमी से हुए युवक के हत्या के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार



-संवाददाता-
कुसमी,02 मार्च 2025
(घटती-घटना)।

करौंधा थाना क्षेत्र अंतर्गत करीब तीन वर्ष पुर्व 27/02/2022 को एक युवक की लाश क्षत विक्षत अधजली नो टुकड़ों में कार्राडाड गांव के सड़क किनारे मिली थी,पुलिस ने जांच कर शव का पंचनामा पीएम करा कर शव की पहचान भवानीपुर ग्राम के कमील साय के रूप में किया था,पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई थी,लेकिन पुलिस इस हत्याकांड के आरोपियों तक नहीं पहुंच पा रही थी,वही बलरामपुर जिले के एसपी ने वैभव बैंकर द्वारा पुलिस के अधिकारियों को इस हत्या के मामले में आवश्यक दिशा निर्देश दिया ,जिस पर पुलिस हर एक एंगल जांच फिर से शुरू की ,और नए मुखबिरों को भी पुलिस लगाई जिस पर पुलिस को इस हत्या के मामले में भवानीपुर गांव के तीन लोगों के जुड़े होने की बात पता चली, पुलिस ने तीनों को बुलाकर बारीकी से अलग अलग कर पुछताछ की तो पता चला कि फ़रवरी 2022 में आरोपी फुलेश्वर ने अपने खेत में मटर की खेती की जिसे जंगली सुअर बर्बाद कर था,25.02. 2022 को गांव के अर्जुन उरांव के घर सिंदुर गोतिया का कार्यक्रम था ,इसी दिन तीनों दोस्त फुलेश्वर, नंदलाल और राहुल उर्फ दीपकचंद मिले और प्लान किए जंगली सुअर का शिकार करने के लिये और फिर फुलेश्वर के खेत के चारों लकड़ी की खूंटी गाड़ कर जीआई तार बिछा कर 11000 वोल्ट के खंभे से हुकिंग कर बिजली तार में बिजली प्रभावित कर दिए,फिर खेत का पास अधबने मकान में जाकर सो गए, करीब 10 से11 बजे के बीच खेत में बिजली की आग लगने की तेज आवाजें आई तो तीनों जग गए और खेत में जाकर देखा तो कमिल साय की बिजली के संपर्क में आने से मौत हो चुकी थी,तो वे डर गए फिर तीनों बिजली करंट हटाकर उन्हें समझ में नहीं आ रहा था कि वे क्या करे कमिल का शव को फिर वहां से हटाकर कुछ दुर एक पुलाल में छिपा दिया गया, अगले दिन तीनों आरोपियों ने काफी सोचा क्या किया जाए फिर रात में 9 से 10 बजे के बीच फुलेश्वर ओर नंदलाला अपने घर से टांगी गड़ासा लेकर शव को जहां छिपाया था वहां गए ,वहीं राहुल डर से वहां जाने से उन्हें मना कर दिया ,फिर फुलेश्वर नंदलाल घटना को छुपाने के नीयत से शव को कई टुकड़ा में काटकर दो प्लास्टिक की बोरी में भर कर फुलेश्वर के ऑटो में डालकर नीलकंठपुर कटीमा कंचनटोली होते हुए कार्राडाड के खैरीडाड के पास सड़क के किनार फेक दिए,फिर तैरेनी होते हुए त्रिपुरी गांव के लावा नदी में शरीर में लगे खून के दाग को धोकर गोविंदपुर गोपीनगर होते हुए सुबह के 4 ,5 बजे के बीच वापस भवानीपुर आ गए,पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है,कार्यवाही में थाना प्रभारी करौंधा उप निरीक्षक विरासत कुजूर,स.उ.नि दशरथ कुजूर,प्र.आरक्षक निर्मल एक्का, आरक्षक अमित एक्का,श्रवण मरावी,सहित अन्य पुलिस स्टाफ शामिल रहे।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर बच्चों के लिए विभिन्न गतिविधियों का हुआ आयोजन





-संवाददाता-
जशपुरनगर,02 मार्च 2025
(घटती-घटना)।

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, कांटाबेल विकासखंड मनोरा, जिला जशपुर श्री संजय कुमार पटेल विकास खंड शिक्षा अधिकारी मनोरा के मार्गदर्शन में मनोरा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कांटाबेल में विगत दिवस राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय के प्रधान पाठक श्री मंगल देव तिर्की ने अपने स्वागत संबोधन में विज्ञान दिवस के महत्व को रेखांकित किया और विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच विकसित करने हेतु प्रेरित किया।

इसके पश्चात विज्ञान शिक्षक श्री ओमप्रकाश चौधरी ने विभिन्न रोचक वैज्ञानिक प्रयोगों का प्रदर्शन कर बच्चों को विज्ञान की ओर आकर्षित किया। इन प्रयोगों में बिना बाहरी हवा के गुब्बारा फूलना, नॉन-न्यूटोनियन फ्लूड, उत्प्लावन, सघन और विरल द्रव का प्रभाव आदि शामिल थे। इन अद्भुत प्रयोगों ने विद्यार्थियों को चकित कर दिया और उनके मन में विज्ञान के प्रति रुचि जागृत की। अपने संबोधन में विज्ञान के महत्व और दैनिक जीवन में इसके अनुप्रयोगों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिताओं का आयोजन एवं परिणामकार्यक्रम के अंतर्गत चित्रकला, निबंध लेखन एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेता प्रतिभागियों की सूची इस प्रकार है। निबंध लेखन प्रतियोगिता प्रथम स्थान - सृष्टि बाई द्वितीय स्थान - आशिका मिंज तृतीय स्थान - आलोक प्रधान चित्रकला प्रतियोगिता प्रथम स्थान - आलोक प्रधान द्वितीय स्थान - आशिका मिंज, बजरंग मोहक बैरागी, अरुणा सिंह तृतीय स्थान - भागवत बैरागी क्विज प्रतियोगिता प्रथम स्थान - प्रणिता इंदुवार द्वितीय स्थान - आलोक प्रधान तृतीय स्थान आशिका मिंज इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों श्रीमती सुधा तिर्की, श्री परमजीत कुमार बघेल एवं श्री देवेंद्र कुमार साहू का विशेष सहयोग रहा। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया और सभी बच्चों को चॉकलेट वितरित किया गया।



## कोल्हेनझरिया कलस्टर के ग्रामों में 01 से 07 मार्च तक सुशासन शिविर का होगा आयोजन

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रशासन द्वारा दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में सुशासन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के विकासखंड फरसाबहार में कोल्हेनझरिया कलस्टर के अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्राम पंचायतों में विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्यवन एवं विभागों की संतृप्तिकरण हेतु सुशासन शिविर का आयोजन 1 मार्च से 07 मार्च तक किया जा रहा है। बाजारडाड़ के समीप, 02 मार्च को ग्राम पंचायत जोरण्डाझरिया के हाईस्कूल मैदान परिसर में, 03 मार्च को ग्राम पंचायत महुआडीह के पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में, 04 मार्च को कोलेनझरिया या सम्मिलित ग्राम पंचायत जामटोली हेतु सायपुरडीह के प्राथमिक शाला परिसर में, 05 मार्च को ग्राम पंचायत हाथीबेड़ के प्रा.शाला परिसर में, 06 मार्च को ग्राम पंचायत कुल्हारबुड़ा के पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में तथा 07 मार्च को ग्राम पंचायत कोल्हेनझरिया के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिविर का आयोजन प्रातः 10:30 बजे से सायं 4 बजे तक किया जाएगा।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता

**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड-बलरामपुर (छ0ग0)**

पत्र क्रमांक 744 व.ले.लि./का.अ./लो.स्वा.यां.ख./2025

बलरामपुर,दिनांक 27/02/2025

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बलरामपुर अंतर्गत निम्न निविदायें अपरिहार्य कारणों से निरस्त किये जाते हैं।

| स.क्रं. | सिस्टम क्रमांक | निविदा सूचना क्र./दिनांक | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | जी.क्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 163135 | 29/19.12.2024 | 265.98 | 242504772 |
| 2 | 163136 | 29/19.12.2024 | 44.64 | 242504772 |
| 3 | 163138 | 29/19.12.2024 | 230.64 | 242504772 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

जी नंबर-242505599/1

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
खण्ड-बलरामपुर (छ0ग0)


# बौद्धिक संपदा अधिकार पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी




-संवाददाता-
लखनपुर,02 मार्च 2025
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर के प्रयोजन में शासकीय नवीन महाविद्यालय लखनपुर जिला सरगुजा छ ग में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विज्ञान पखवाड़े का आयोजन दिनांक 15/2/2025 से 28/2/2025 तक विभिन्न प्रकार कि प्रतियोगिता जैसे विज्ञान पहेली , विज्ञान प्रश्नोत्तरी,विज्ञान मॉडल,विज्ञान विडियो और विज्ञान सहायक सामग्री आदि प्रतियोगिता आयोजित की गई । जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियो ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया और विजयी भी रहे। इसी विज्ञान पखवाड़े के अंतिम दिवस दिनांक 28/2/2025 को बौध्दिक संपदा अधिकार विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई थी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता श्री हरी शंकर त्रिपाठी उपस्थित थे । अधिवक्ता त्रिपाठी जी ने लोगो पंजिकरण, कॉपिराइट अधिनियम,पेटेंट एक्ट आदि विषय पर बहुत ही गूढ़ जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ पी.एन सिंह सेवा निवृत प्राध्यापक के द्वारा बौद्धिक संपदा अधिकार के सामाजिक परिदृश्य पर प्रकाश डाला गया । कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस के श्रीवास्तव द्वारा विद्यार्थियों को अपने अधिकार और कर्तव्य पर सामंजस्य स्थापित करने का तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करने कि सलाह दी गई। इस कार्यक्रम के आमंत्रित बीज वक्ता श्री ब्रजेश कुमार सहायक प्राध्यापक विधि राजीव गांधी शासकीय पी जी महाविद्यालय अम्बिकापुर द्वारा बौद्धिक संपदा अधिकार एक परिचय विषय पर अपना पीपीटी प्रस्तुती द्वारा मूल्यवान व्याख्यान प्रस्तुत किया गया । आमंत्रित बीज वक्ता डॉ पियुष कुमार पाण्डेय सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान द्वारा बौद्धिक संपदा कानूनी अधिकार जैसे विषय को सरल रूप में विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया जिसमें विद्यार्थियो ने भी अपने विचार रखे। आमंत्रित बीज वक्ता डॉ मनीषा देवांगन सहायक प्राध्यापक कम्प्यूटर विज्ञान विवि शिक्षण विभाग संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय अम्बिकापुर द्वारा अपने आकर्षक पीपीटी प्रस्तुती द्वारा बौद्धिक संपदा अधिकार , ट्रेडमार्क कॉपिराइट WIPO और प्रकाशन नैतिकता कि समसमायिक परिदृश्य में उपयोगिता और महत्व को विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों को बताया गया। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में आनलाइन माध्यम से डॉ रोहित कुमार बघेल विभागाध्यक्ष रसायन शास्त्र शासकीय एसपी एम पीजी महाविद्यालय सीतापुर द्वारा बौद्धिक संपदा अधिकार तथा भौगोलिक संकेतक पर आमंत्रित व्याख्यान प्रस्तुत किया गया और अन्य प्रतिभागी जो आनलाइन तथा आफलाइन माध्यम से जुड़े रहे उनके शोध पत्रों का उनके द्वारा वाचन किया गयाइस कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन श्री डीपी साहू सहायक प्राध्यापक हिन्दी एवं द्धन्नष्ट प्रभारी और धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम के संगठन सचिव श्रीमति बिन्दु रानी सिंह सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष वनस्पतिशास्त्र विभाग द्वारा किया गया । इस कार्यक्रम के अंत में विज्ञान पखवाड़े में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार वितरण किया गया । इस राष्टीय संगोष्ठी का आयोजन द्धन्नष्ट प्रकोष्ठ एवं वनस्पति शास्त्र विभाग शासकीय नवीन महाविद्यालय लखनपुर द्वारा तथा छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर के सहयोग से संयुक्त रूप से किया गया था । कार्यक्रम में महाविद्यालय के श्री दिलिप कुमार पैंकरा सहा प्रध्यापक अंग्रेजी श्रीमति प्रेमलता सिंह सहायक प्राध्यापक इतिहास श्री प्रेमचंद यादव सहायक प्राध्यापक भूगोल श्री यादराम करमाकर एवं समस्त महाविद्यालय स्टाफ और विद्यार्थि उपस्थित रहे।


**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः. 202502020700069**

विषयः-अ-6अ मामले की श्रेणीः- राजस्व सन्ः-2024-25

लक्ष्मीपुर प.ह.नं.00023(हे.)
पक्षकारों का विवरणः-
आवेदक पक्षकार-अमृत लाल जगत,
अनावेदक पक्षकार-छ0ग0 शासन,

**ईश्तहार**

आवेदक अमृत लाल जगत आ0 स्व0 महेशराम जगत व अन्य, निवासी लक्ष्मीपुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा,छ0ग0 के द्वारा आवेदन पेश कर बताया गया है कि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम लक्ष्मीपुर स्थित खसरा नंबर 10/12 रकबा 0.028 हे0 भूमि राजस्व अभिलेखों में आवेदक का पता त्रुटिवश पटेलपारा, अम्बिकापुर अंकित हो गया है जिसे सुधार कर लक्ष्मीपुर, तहसील, अम्बिकापुर, जिला सरगुजा किये जाने तथा जाति गोड़ अंकित किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 21/03/2025 के पुर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/02/2025 को जारी किया जाता हैं।

सील

तहसीलदार
अंबिकापुर



**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर**

मामले की श्रेणीः राजस्व

संदर्भः- जिला-सरगुजा तहसील-अम्बिकापुर प0ह0नं0 00002 मेन्ड्राखुर्द ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक - RD202425390102300001

**ईश्तहार**

तहसील अम्बिकापुर के प0ह0नं0 00002 के अंतर्गत ग्राम मेन्ड्राखुर्द के वर्तमान भूमिस्वामी प्राची सिंह पिता/पति-रामनरेश पता-सा0 देह श्रुति सिंह,पिता/पति-रामनरेश पता-सा0 देह मीना सिंह पिता/पति रामनरेश पता-सा 0देह, सुरेश पिता/पति-शेखू सिंह पता-सा 0देह परवेश पिता/पति शेखू सिंह पता-सा 0देह महेश्वरी पिता/पति-शेखू सिंह पता-सा 0देह हार्दिक सिंह पिता/पति-रामनरेश पता-सा0 देह मुकेश पिता/पति-शेखू सिंह पता-सा 0देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 889/4(0.1000), 836(0.2100), 840(0.3760) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता प्रवेश सिंह पिता/पति-शेखू सिंह पता-नवागढ़ के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10/03/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/01/2025 को जारी किया जाता है।

सील

नायब तहसीलदार
जयेश कुमार
अम्बिकापुर-2

# क्या इस चुनाव में प्रत्याशियों का लिफाफा नहीं बैग पहुंचा पत्रकारों तक?



-फाईल:फोटो-

**जनपद क्षेत्र क्रमांक 11 के जनपद सदस्य प्रत्याशी के शिक्षक पति का सोशल मीडिया पर यह है दावा**

**किसी प्रत्याशी को बाहरी प्रत्याशी बताने वाले प्रत्याशी पति के लिए पूर्व विधायक उनकी बाहरी प्रत्याशी नहीं थी या उनके क्षेत्र में जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी बाहरी नहीं थी?**

**जिस दिन प्रत्याशी का नामांकन फॉर्म स्वीकार हो गया और चुनाव चिन्ह आबंटित हो गया उसके बाद प्रत्याशी को बाहरी कहना गैर संवैधानिक नहीं?**

## बाहरी प्रत्याशी संवैधानिक नहीं सिर्फ चुनावी मुद्दा है?

-रवि सिंह-
कोरिया,02 मार्च 2025
(घटती-घटना)।

कोरिया जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कई मामले में सुर्खियों में रहा,कई जिला व जनपद के सीट हाई प्रोफाइल रहे और हार जीत के परिणाम भी आ गए, चुनावी प्रचार के दौरान आलोचनाएं भी सामने आई हर तरह से प्रत्याशियों ने अपने जितने की संभावना तलाशते हुए कई गैर संवैधानिक बातों को भी चुनाव जीतने के लिए उपयोग किया, साथ ही प्रत्याशियों के द्वारा मतदाताओं को खरीदने का भी भरपूर प्रयास किया गया,इस बीच एक महत्वपूर्ण बात यह भी थी कि जहां चुनाव में मीडिया मैनेजमेंट अक्सर देखा गया वहीं पत्रकारों को जहां लिफाफा देने की बात सुनी जाती थी इस बार पैसों से भरा बैग तक पहुंचाने की बात सामने आई है,यह आरोप कोई और नहीं बैकुंठपुर विकासखंड के जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 के जनपद सदस्य प्रत्याशी के पति एक शिक्षक ने सोशल मीडिया पर लिखकर दावा किया है की एक प्रत्याशी अपने जितने के लिए एक पत्रकार तक रुपयों का बैग पहुंचाया जिसके बाद एक पत्रकार ने उस प्रत्याशी को जिताने का ठेका ले लिया,पत्रकार ने जिस प्रत्याशी को जिताने का ठेका लिया वह प्रत्याशी बाहरी था यह भी उनके द्वारा लिखा गया। इसके बाद लोगों के जेहन में एक सवाल खड़ा हो गया कि आखिर वह प्रत्याशी कितना पैसे वाला था और वह एक बैग पैसा पत्रकार के पास अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए लगा दिया? क्या एक पत्रकार किसी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित कर सकता है? और कितना बड़ा कौन सा पत्रकार आ गया कि उसे किसी प्रत्याशी के द्वारा एक बैग नोट दिया गया? एक बैग नोट देने की बात पर शायद पूरे संभाग के पत्रकारों को ईर्ष्या भी हो सकती है कि आखिर एक पत्रकार इतना बड़ा हो गया जिसे प्रत्याशी एक बैग नोटों का भरा हुआ दे रहे हैं। जनपद सदस्य व प्रत्याशी के पति ने यह दावा किया है उन्होंने एक बात का और उल्लेख किया है वह एक प्रत्याशी को बाहरी प्रत्याशी होने का जबकि यह वही व्यक्ति हैं जो पूर्व विधायक व अपने क्षेत्र से वर्तमान जिला पंचायत सदस्य के लिए अपनी सहमति दिए हुए थे हैं उस समय यह प्रत्याशी उनके लिए बाहरी नहीं थे क्योंकि यह उनके समर्थित व्यक्ति थे हैं मन अनुसार लोग हैं? जबकि वाकई में कांग्रेस की पूर्व विधायक उस विधानसभा की निवासी नहीं थी चुनाव से पहले ही उन्हें वहां का निवासी बनाया गया था उनके पूर्वज या उनका मायका पक्ष वहां के निवासी जरूर थे पर उनका स्थाई पता यहां का नहीं था पर चुनाव के समय उनका मतदाता परिचय पत्र बना, आधार कार्ड अपडेट हुआ उसके बाद वह यहां की प्रत्याशी होने के लिए पात्रता रख सकीं तब उनका नामांकन फार्म निर्वाचन में स्वीकार किया,जिसके बाद बाहरी होने की बात भी खत्म हो गई,फिर भी उस समय बाहरी होने का प्रचार करके उनके विरोधी चुनाव जीतना चाहते थे पर जीत नहीं पाए थे हार गए थे,जिसे भी बाहरी कहा गया उसकी जीत अक्सर देखी गई,ऐसा ही जिला पंचायत सदस्य चुनाव में भी देखा गया जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक पांच की प्रत्याशी भी उस क्षेत्र से नहीं आती है पर इस जिले की निवासी हैं जिस वजह से उन्हें भी बाहरी प्रत्याशी कह रहे थे पर उन्होंने भी जीत दर्ज कर यह बता दिया कि वह बाहरी नहीं है यदि वह बाहरी होती तो निर्वाचन विभाग उनका नामांकन फार्म स्वीकार नहीं करता संविधानों के तहत नामांकन फार्म स्वीकार होना ही आपके बाहरी होने की बातों को असवैधानिक साबित करता है। वैसे क्षेत्र की सांसद भी मूलतः कोरबा क्षेत्र की निवासी नहीं हैं क्या उन्हें भी यह गुरुजी बाहरी कहेंगे। वैसे जो व्यक्ति गरीब बच्चों को पढ़ाने के नाम पर ही धोखेबाजी करता हो, वेतन लेकर गरीब बच्चों के साथ धोखा करता हो वह कुछ भी ज्ञान देगा लोग उसे मानेंगे नहीं यह सत्य है, क्योंकि ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ ही किसी पर उंगली उठाए तो शोभा देता है वैसे तो ऐसे गैरे उंगली उठाते ही रहते हैं जिनकी फिक्र पत्रकारिता नहीं करती।







### गुरुजी पर आखिर है किसकी मेहरबानी?

वैसे जिस गुरुजी का बाहरी प्रत्याशी वाला सोशल मीडिया पोस्ट है वह खुलकर राजनीति करने के लिए जाने जाते हैं और उनके विषय में जिले के आला अधिकारी मौन हैं शायद उन्हें यह बैग पहुंचाते हैं ऐसा माना जा सकता है क्योंकि इन्हें कोई डर नहीं नौकरी का यह केवल नेतागिरी करते हैं। कांग्रेस शासनकाल में भी यह खुलकर नेतागिरी करते थे वहीं अब भी इनका वही हाल है। वैसे इन्हें किसी बड़े व्यक्ति का संरक्षण प्राप्त है और उसी की मेहरबानियां इनके ऊपर बरस रही हैं।


### राजनीति में ही रुचि है तो नौकरी से त्याग क्यों नहीं दे रहे हैं,क्यों हराम का वेतन उठा रहे हैं?

गुरुजी का यदि मन राजनीति में ही लग रहा है तो वह क्यों नहीं नौकरी छोड़ दे रहे हैं। नौकरी का हराम का वेतन क्यों उठा रहे हैं गुरुजी। गुरुजी को नौकरी छोड़कर नेतागिरी करना चाहिए यही उनके लिए सही होगा क्योंकि नौनिहालों के नाम पर हराम का वेतन बिना पढ़ाएं देना उन्हें कतई जायज नहीं संविधान का उल्लंघन है हराम का बिना काम का वेतन देना।

### बाहरी प्रत्याशी के समर्थक गुरुजी हो सकते हैं,और उनके सामने यदि कोई प्रतिद्वंदी आ गया तो वह बाहरी प्रत्याशी हो जाता है?

गुरुजी की लीला और उनका संविधान अलग ही है। गुरुजी का गुरुजी खुद बाहरी है उनके अनुसार यदि सोचा जाए तो वहीं उन्हें कोई अच्छी टक्कर देने वाला सामने आ जाए मैदान में वह बाहरी होगा। वैसे गुरुजी को बैकुंठपुर में जाकर बैठना भी नहीं चाहिए क्योंकि बैकुंठपुर में ही जनपद कार्यालय है जहां का व्यक्ति उनके लिए बाहरी है। यदि उन्हें बाहरी शब्द से घृणा है जनपद पंचायत बैकुंठपुर में उन्हें प्रवेश नहीं करना चाहिए और अपने लिए अपने गांव में ही कार्यालय खुलवा लेना चाहिए।

## दलधोवा घाट पर एक साथ 3 ट्रक ब्रेकडाउन,हाईवे जाम, ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान



-संवाददाता-
बलरामपुर,02 मार्च 2025
(घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के दलधोवा घाट,जलेबी मोड़ मंदिर द्वारपाल घाट के पास तीन ट्रकों के ब्रेकडाउन होने से सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। हाईवे पेट्रोलिंग पार्टी ने मौके पर पहुंचकर ट्रैफिक को नियंत्रित किया।

जानकारी के अनुसार पहला ट्रक रोड के बीचोंबीच खराब हो गया, जिससे यातायात बाधित हुआ। दूसरा ट्रक जो किलिंकर लोडेड था, घाट से नीचे उतर गया, लेकिन चालक ने कूदकर अपनी जान बचा ली। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। वहीं, तीसरा ट्रक जो प्याज से लदा था, उसका एक्सल और क्रॉस टूटने के कारण घाट पर ब्रेकडाउन हो गया।

## मां कुदरगढी सरगुजा झण्डा मानस सेवा समिति का रजत महोत्सव दतिमा में संपन्न

### रामायण प्रतियोगिता में 50 मण्डलियों की रही सहभागिता,ग्राम झूमरपारा सूरजपुर को मिला आगामी 26 वां आयोजन का झण्डा

-संवाददाता-
सूरजपुर,02 मार्च 2025
(घटती-घटना)।

मां कुदरगढी सरगुजा झण्डा मानस सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय श्रीरामचरितमानस गायन वादन प्रतियोगिता का 25 वां आयोजन ग्राम दतिमा सूरजपुर में संपन्न हुआ,कार्यक्रम का शुभारंभ कलश यात्रा,स्थापना व पूजा अर्चना के साथ किया गया, जिसमें समिति के संरक्षक पारसनाथ राजवाड़े जी , ददई राम कुशवाहा मार्ग दर्शक, रामभरोस देवांगन अध्यक्ष सहित मां कुदरगढी सरगुजा झण्डा मानस सेवा समिति व आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे,विदित हो प्रति वर्ष माघ पूर्णिमा को आयोजन होने वाला कार्यक्रम इस वर्ष पंचायत निर्वाचन के कारण 25 से 28 फरवरी तक आयोजित किया गया, जिसमें सरगुजा संभाग से पंजीकृत 75 मण्डलियों में से 50 मण्डलियों की सहभागिता रही, तथा प्रतिदिन अव्वल स्थान प्राप्त मण्डलियों को आयोजन समिति द्वारा अलग अलग पुरस्कृत किया गया, प्रथम दिवस शिवशक्ति मानस मण्डली महंगाई प्रथम, श्री कृष्ण मानस मण्डली कृष्णपुर(अलुवा) द्वितीय, नवयुवक मानस मण्डली सरभोका तृतीय, जय सियाराम परिवार बतरा चतुर्थ व संतोषी मानस मण्डली देवधाम खोपा को पंचम स्थान प्राप्त हुआ, इसी प्रकार द्वितीय दिवस बाल मण्डली में शिवशक्ति बाल मण्डली सावांरावां प्रथम व हंस पुत्र बाल मण्डली खोपा को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ, तथा बालिका मण्डली में राधा कृष्ण बालिका मण्डली पंडरी प्रथम, सरस्वती बालिका मण्डली घुघरा द्वितीय व नव दुर्गा बालिका मण्डली लेडुवा तृतीय स्थान पर रही,वहीं महिला मण्डली में जय मां शारदा महिला मण्डली बतरा को प्रथम, सरस्वती महिला मण्डली दुग्गा द्वितीय, मां दशफेरी महिला मण्डली सरभोका व प्रज्ञा महिला मण्डली आंजो खुर्द तृतीय स्थान पर रही, चतुर्थ पुरस्कार मां संतोषी उपासना मण्डली पीपरा व पंचम स्थान शिव महिमा महिला मण्डली लटमा को प्राप्त हुआ, तथा अंतिम दिवस के प्रतिभागी मण्डलियों में मां महामाया मानस परिवार खड़गवां (एमसीबी) प्रथम, प्रज्ञा मानस परिवार आंजो खुर्द द्वितीय, गोस्वामी मानस मण्डली सोरंगा,पंडोपारा तृतीय तथा इदम नमम मानस परिवार जरही, जय श्रीराम मानस परिवार करवां व दीपमाला मानस मण्डली खड़गवां को संयुक्त रूप से चतुर्थ पुरस्कार प्राप्त हुआ,वहीं जय श्री राम मानस परिवार गिरजापुर ओडगी,आदर्श मानस परिवार भुनेश्वरपूर व सद्भावना मानस मण्डली पसला डुमरिया को पंचम पुरस्कार प्राप्त हुआ,इसके साथ ही सभी प्रतिभागी मण्डलियों को श्री राम दरबार की झांकी का छाया चित्र व रजत जयंती समारोह का सहभागिता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया, वहीं तुलसी मानस परिवार मुरमापारा के टीकाकार द्वारा मंच पर निर्णायक मंडल से अभद्रता व अनुशासन हीनता के कारण मुरमा मण्डली को प्रतियोगिता से बाहर करते हुए इस आयोजन से 3 वर्ष के लिए निष्कासित करने का निर्णय लिया गया, वहीं रजत जयंती वर्ष के अवसर विगत 25 वर्षो से आयोजित करने वाले आयोजन समितियों को आमंत्रित कर केंद्रीय समिति द्वारा सम्मानित किया गया, तथा आगामी वर्ष 26 वां आयोजन हेतु ग्राम झूमरपारा सूरजपुर व कैलाशपुर सोनहत के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से ग्राम झूमरपारा सूरजपुर को ससम्मान झण्डा प्रदान किया गया, निर्णायक मंडल में श्री ददई राम कुशवाहा, रामभरोस देवांगन, रामलाल काशीपुरी, निवास चंद कुशवाहा,हरिनारायण दुबे, रूद्र प्रताप राजवाड़े, भजन लाल राजवाड़े, मोना दास, प्रमोद कुमार, गणेश राजवाड़े, आदि शामिल रहे , वहीं कार्यक्रम का सफल संचालन राम प्रताप राजवाड़े, शंकर प्रसाद राजवाड़े व कुंजलाल यादव के द्वारा किया गया। वहीं आयोजन समिति में आयोजन समिति दतिमा संरक्षक - रामनारायण जायसवाल,गंभीरा राम राजवाड़े, हुकमसाय राजवाड़े,राजेन्द्र जायसवाल,दूहन राम , मुतनराम ,रामबिलास, जगरनाथ सिंग,शिवब्रत संचालक -शंकर प्रसाद राजवाड़े उप संचालक -प्रेम लाल राजवाड़े अध्यक्ष -होलसाय राजवाड़े, उपाध्यक्ष-राजकुमार सारथी,सचिव-श्रवण मानिकपुरी सह सचिव-भूषण बघेल,कोषाध्यक्ष-कुबेर राजवाड़े,आनंदपाल जायसवाल सह कोषाध्यक्ष-पंकज राजवाड़े,मूलधर राजवाड़े,मिडिया प्रभारी-संदीप जायसवाल,विजय राजवाड़े,संगठन मंत्री -सुरेन्द्र राजवाड़े, शिवमंगल सिंह ,देवा राजवाड़े, भईया लाल,नर्मदा प्रसाद, देवानाथ राजवाड़े ,बलराम राजवाड़े,कार्यकारणी सदस्य-मोहन राम,रूपसाय , कवल साय,दिलेश्वर,रमाशंकर, प्रशांत, विंदेश्वर,ललित ,माधव,आनंद,शेषमन,दूहन,गणपत,धीरंजन,अमरसाय ? शिव मानस मण्डली दतिमा के सदस्य-मेघनाथ राजवाड़े, शंकर प्रसाद राजवाड़े,चोल साय राजवाड़े , नवरंतक राजवाड़े,उमाशंकर घासी,रमेश राजवाड़े , कृष्णा राजवाड़े,अजित राजवाड़े,कन्हैया चौधरी, हुकुम चन्द,पातर साय,खिला नंद,लीला शंकर,शंकर,श्रवण एवं समस्त ग्राम वासी सक्रिय रहे।




## सीमांकन के दौरान बाइक चढ़ाने के दोनों आरोपी जेल दाखिल

-संवाददाता-
राजपुर,02 मार्च 2025
(घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के नगर पंचायत राजपुर के वार्ड नंबर 03 में जमीन का सीमांकन करने के गए राजस्व की टीम पर हमला करने वाले सभी आरोपियों को राजपुर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

28 फरवरी शुक्रवार को राजस्व की टीम ने न्यायालय तहसीलदार के 20 फरवरी के आदेश के परिपालन में वार्ड क्रमांक 03 में शराब भट्ठी के पास खसरा नम्बर 3/1,3/2,3/3,3/50 भूमि का सीमांकन कार्य करने गए थे। भूमि के नाप जोख करने के दौरान राजपुर निवासी गोवर्धन पैकरा एवं सोबरन पैकरा द्वारा शराब भट्ठी वाले सीसी सड़क पर अपनी मोटरसाइकिल से तेज रफ्तार से चलाते हुए राजपुर महुआपारा निवासी प्रवीण अग्रवाल एवं सीमांकन के लिए उपस्थित राजस्व कर्मचारियों के ऊपर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया। इस घटना में राजस्व निरीक्षक के उंगली में चोटें आई थी और अन्य कर्मचारियों ने भाग कर अपनी जान बचाई थी। घटना के बाद राजपुर के राजस्व दल के कर्मचारियों द्वारा घटना की लिखित शिकायत करते हुए एसडीएम से मामले में कार्यवाही की मांग की थी। जिसके बाद एसडीएम राजस्व राजपुर राजीव जेम्स कुजुर ने मामले में संज्ञान लेते हुए 1 मार्च को राजपुर थाना में कार्यवाही हेतु शिकायत प्रतिवेदन दिया था, जिसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों गोवर्धन पैकरा एवं सोबरन पैकरा के विरुद्ध धारा 221,132,121(1),3 (5) में तहत मामला पंजीबद्ध करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।



## नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी से मिला टीचर्स एसोसिएशन

-संवाददाता-
सूरजपुर,02 मार्च 2025
(घटती-घटना)।

जिले में नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती वर्मा से टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुलाकात कर स्वागत करते हुए शिक्षक एलबी संवर्ग की समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट करा शीघ्र समाधान करने की मांग किया । छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रांतीय महामंत्री रंजय सिंह,प्रांतीय प्रचार सचिव अजय सिंह, जिलाध्यक्ष भूपेश सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जिले में आगमन पर पुष्प गुच्छ प्रदान कर जिला शिक्षा अधिकारी का स्वागत किया । प्रतिनिधिमंडल ने जिले में कार्यरत शिक्षक संवर्ग की लंबित प्रधान पाठक प्राथमिक शाला के रिक्त पदों पर पदोन्नति प्रदान करने,पंचायत संवर्ग का लंबित एरियर्स की गणना करने,सेवा पुस्तिका को नियमित अद्यतन करने , सीजीपीएफ का पास बुक संधारित करने,उच्च शिक्षा अनुमति समय पर प्रदान करने,अवकाश का समय पर निराकरण करने की ओर जिला अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया।

नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती वर्मा ने समस्याओं पर त्वरित कार्यवाही का आश्वासन दिया साथ ही सभी शिक्षकों से जिले में शिक्षा व्यवस्था में गुणवत्तापूर्ण विकास करने का सहयोग मांगा , संघ के सभी पदाधिकारियों ने हर संभव शिक्षा गुणवत्ता सुधार करने हेतु पूर्ण सहयोग की बात कही ।

प्रतिनिधिमंडल में रंजय सिंह, अजय सिंह, भूपेश सिंह,रामचंद्र प्रसाद सोनी,सुरविंद गुर्जर, चंद्रविजय सिंह, बिजेंद्र साहू, मिथिलेश पाठक,नागेंद्र सिंह, पीताम्बर सिंह मरावी,चंद्रदेव चक्रधारी, दीपक झा,बीरेंद्र पंकज, मनोज झा, जितेंद्रनाथ दुबे सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।



# डी गुकेश ने हासिल की करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग



» जुलाई के बाद अब टॉप-10 में हुई प्रज्ञानंद की वापसी

**नई दिल्ली,02 मार्च 2025।** इंटरनेशनल चेस फेडरेशन यानी एफ आईडीई की तरफ से 1 मार्च की शाम को लेटेस्ट रैंकिंग जारी की गई जिसमें भारत के 2 खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला। इसमें एक नाम वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश जबकि दूसरा नाम भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानंद का शामिल है। डी गुकेश जिन्होंने साल 2024 के दिसंबर महीने में चीन के डिंग लिरेन को मात देते हुए चैंपियनशिपका खिताब अपने नाम किया था उन्होंने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग को हासिल किया है। वहीं प्रज्ञानंद की रैंकिंग में टॉप-10 प्लेयर्स में फिर से एंट्री हो गई है।

## गुकेश ने 10 रेटिंग अंक हासिल करने के साथ टॉप-10 में की वापसी

डी गुकेश ने एफआईडीई की तरफ से जारी की गई लेटेस्ट रैंकिंग में 10 रेटिंग हासिल करने के साथ कुल 2787 रेटिंग के साथ तीसरे स्थान पर अपना कब्जा किया है। गुकेश को हाल में हुए विज्क आन जी में टाटा स्टील मास्टर्स के टाईब्रेक में प्रज्ञानंद के खिलाफ हुए मुकाबले में हार गए थे। डी गुकेश रैंकिंग में दूसरे नंबर पर काबिज हिकारू नाकामुरा से 15 अंक पीछे हैं जिनके कुल 2802 रेटिंग हैं। वहीं एफआईडीई रैंकिंग में पहले नंबर पर नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन का दबदबा है जो 2833 रेटिंग के साथ अभी शीर्ष स्थान पर काबिज हैं। गुकेश के अलावा अर्जुन एरिगैसी जो पहले देश के शीर्ष चेस खिलाड़ी थे वह लेटेस्ट रैंकिंग में 2777 रेटिंग के साथ अब पांचवें नंबर पर पहुंच गए हैं।आर प्रज्ञानंद जो साल 2024 जुलाई महीने में टॉप-10 की लिस्ट से बाहर हो गए थे वह लंबे समय के बाद फिर से इसमें वापसी करने में कामयाब रहे हैं। प्राग मास्टर्स में प्रज्ञानंद ने 17 रेटिंग हासिल करने के साथ कुल 2758 अंकों के दम पर सीधे 8वें स्थान पर कब्जा किया है। वहीं महिलाओं की रैंकिंग को लेकर बात की जाए तो उसमें भारत की कोनेरू हम्पी 2528 रेटिंग के साथ छठे नंबर पर हैं।



## विदर्भ ने तीसरी बार अपने नाम किया रणजी ट्रॉफी का खिताब

### करुण नायर और दानिश मालेवार ने मचाई तबाही

**विदर्भ,02 मार्च 2025।** रणजी ट्रॉफी 2025 का खिताब विदर्भ टीम ने अपने नाम कर लिया। वीसीए स्टेडियम में खेला गया फाइनल मैच ड्रॉ पर खत्म हुआ। विदर्भ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 379 रन बनाए। केरल की पहली पारी में 342 पर समाप्त हो गई थी। पांचवें और अंतिम दिन का खेल खत्म होने पर विदर्भ का स्कोर 9 विकेट के नुकसान पर 375 रन रहा। नियमों के तहत विदर्भ टीम को विजेता घोषित किया गया। इस मैच के हीरो रहे दानिश मालेवर और करुण नायर। रणजी ट्रॉफी फाइनल मैच में केरल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। विदर्भ ने पहली पारी में 379 रन बनाए थे, इसमें सबसे ज्यादा रन दानिश मालवार ने बनाए थे, उन्होंने 153 रनों की पारी खेली थी। उन्होंने 15 चौके और 3 छक्के जड़े थे। वहीं टूर्नामेंट में बेहतरीन नजर आए करुण नायर ने पहली पारी में 86 रनों की अहम पारी खेली थी। दूसरी पारी में उन्होंने शतक जड़ा था। केरल की पहली पारी 342 रनों पर सिमट गई थी। इसी आधार पर विदर्भ को चैंपियन घोषित किया गया।

## संक्षिप्त खेल खबर

### मैकुलम ने वनडे और टी 20 की कप्तानी अलग-अलग करने के संकेत दिए



**कराची,02 मार्च 2025।** इंग्लैंड को चैंपियंस ट्रॉफी में अपने निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अब नेतृत्व के बारे में अहम फैसला करना होगा, क्योंकि मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने कप्तानी के मुद्दों पर बात करते हुए संकेत दिया कि इंग्लैंड कई कप्तानों को चुन सकता है या वनडे और टी20 दोनों टीमों की कप्तानी संभालने के लिए एक खिलाड़ी की पहचान कर सकता है।जोस बटलर ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से इंग्लैंड के ग्रुप चरण में जल्दी बाहर होने के बाद कप्तानी से इस्तीफा देने का कठिन फैसला किया। अभियान का उनका अंतिम मैच शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के हाथों भारी हार के साथ समाप्त हुआ।बटलर के इस्तीफे के बाद मैकुलम और इंग्लैंड के लिए यह महत्वपूर्ण निर्णय लेना बाकी है कि टीम की कमान कौन संभालेगा।

### राहुल शर्मा की हैट्रिक ने 8 विकेट से जीत दिलाई

**वडोदरा,02 मार्च 2025।** लेग स्पिनर राहुल शर्मा की ऐतिहासिक हैट्रिक की मदद से इंडिया मास्टर्स ने उद्घाटन इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) 2025 के दूसरे चरण में दक्षिण अफ्रीका मास्टर्स को



आठ विकेट से हराकर टूर्नामेंट में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। राहुल शर्मा ने बड़ौदा क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) स्टेडियम में भारत के स्पिन वर्चस्व के स्वर्णिम युग को वापस ला दिया, क्योंकि उन्होंने इंडिया मास्टर्स को आराम से जीत दिलाई।पुरानी यादों से परे, एक चीज अपरिवर्तित रही - प्रतिस्पर्धी आग फीकी नहीं पड़ी। रिफ्लेक्स भले ही उतने तेज न हों, पैर उतने तेज न हों, लेकिन जीतने की इच्छा उतनी ही प्रचंड है। हर रन, हर विकेट और हर डाइव में वही जुनून था जो कभी लाखों लोगों को रोमांचित करता था। और प्रतिष्ठित सर विवियन रिचर्ड्स की मौजूदगी में, यह खचाखच भरी भीड़ के लिए एक खास शाम बन गई।उम्र भले ही उन पर हावी हो गई हो, लेकिन लड़ाई की भावना कभी नहीं बदलेगी

# विराट कोहली का बड़ा कारनामा

» दिग्गजों के क्लब में मारी एंट्री

» ऐसा करने वाले इकलौते एक्टिव प्लेयर



**दुबई,02 मार्च 2025।** प्लेइंग इलेवन के ऐलान के साथ ही विराट कोहली ने इतिहास रच दिया है। विराट कोहली आज अपना 300वां वनडे मैच खेल रहे हैं। इस तरह वह वनडे में 300 मैच खेलने वाले 7 वें भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले भारत की ओर से सिर्फ सचिन तेंदुलकर, महेंद्र सिंह धोनी, राहुल द्रविड़, मोहम्मद अजहरुद्दीन, सौरव गांगुली और युवराज सिंह ने 300 वनडे मैच खेले थे। कोहली चैंपियंस ट्रॉफी में अपना 300वां वनडे मैच खेलने वाले 5वें भारतीय प्लेयर हैं। सिर्फ धोनी और गांगुली ही ऐसे दो खिलाड़ी हैं, जिन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी के इतर अपना 300वां वनडे मैच खेला था।

### सबसे ज्यादा वनडे मैच खेलने वाले भारतीय खिलाड़ी

सचिन तेंदुलकर- 463 मैच
महेंद्र सिंह धोनी- 350 मैच
राहुल द्रविड़- 344 मैच
मोहम्मद अजहरुद्दीन- 334 मैच
सौरव गांगुली- 311 मैच
युवराज सिंह- 304 मैच
विराट कोहली- 300 मैच

विराट कोहली इकलौते एक्टिव ऐसे प्लेयर हैं, जिनके नाम 300 वनडे मैच दर्ज हो गए हैं। उनके आसपास भी कोई नहीं हैं। वनडे में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले एक्टिव प्लेयर्स में मुश्फिकुर रहीम दूसरे स्थान पर जबकि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा तीसरे पायदान पर हैं। मुश्फिकुर रहीम ने 274 वनडे मैच बांग्लादेश के लिए खेले हैं जबकि रोहित शर्मा आज अपना 271वां वनडे मैच खेल रहे हैं।

### वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले एक्टिव प्लेयर्स

विराट कोहली (भारत)- 300
मुश्फिकुर रहीम (बांग्लादेश)- 274
रोहित शर्मा (भारत)- 271
महमूदुल्लाह (बांग्लादेश)- 239
रवींद्र जडेजा (भारत)- 202

विराट कोहली ने भारत के लिए 299 वनडे मैचों की 287 पारियों में अब तक 58.20 के औसत से 14085 रन बनाए हैं। इसमें 51 शतक और 73 अर्धशतक शामिल हैं। कोहली महान सचिन तेंदुलकर और कुमार संगकारा के बाद वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। संगकारा का रिकॉर्ड तोड़ने से कोहली सिर्फ 150 रन दूर हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में ही किंग कोहली श्रीलंकाई दिग्गज को पीछे छोड़ सकते हैं।

### दोनों टीमों की प्लेइंग इलेवन इस प्रकार हैः

**भारत (प्लेइंग इलेवन):** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल, केएल राहुल (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद शमी, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती

**न्यूजीलैंड (प्लेइंग इलेवन):** विल यंग, रचिन रवींद्र, केन विलियमसन, डेरिल मिचेल, टॉम लैथम (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल, मिचेल सेंटनर (कप्तान), मैट हेनरी, काइल जैमीसन, विलियम ओरूर्के।

# शेफाली की विस्फोटक पारी से आरसीबी की हार का सिलसिला टूटा

### दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 9 विकेट से हासिल की जीत

**बेंगलुरु02 मार्च 2025।** दिल्ली कैपिटल्स ने सलामी बल्लेबाज



शेफाली वर्मा (नाबाद 80 रन) और जेस जोनासेन (नाबाद 61 रन) के विस्फोटक अर्धशतकों से यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टी20 मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को 27 गेंद रहते नौ विकेट से हराकर जीत की लय जारी रखी। पिछले मैच में मुंबई इंडियंस को नौ विकेट से करारी शिकस्त देने वाली दिल्ली कैपिटल्स के लिए शेफाली और जोनासेन ने दूसरे विकेट के लिए महज 77 गेंद में 146 रन की अटूट साझेदारी निभाकर आसान जीत दिलाई।

शेफाली ने अपनी तेज तर्रार पारी के लिए 43 गेंद खेली जिसमें आठ चौके और चार छक्के जड़े थे। वहीं जोनासेन ने भी उनका अच्छा साथ निभाते हुए 38 गेंद में नौ चौके और एक छक्के से नाबाद 61 रन बनाये। दिल्ली कैपिटल्स ने कप्तान मेग लैनिंग (02) के रूप में एकमात्र विकेट गंवाया। आरसीबी ने एलिस पैरी (नाबाद 60 रन) की अर्धशतकीय पारी से पांच विकेट पर 147 रन का स्कोर खड़ा किया। दिल्ली कैपिटल्स ने शेफाली और जोनासेन की मदद से यह लक्ष्य 15.3 ओवर में एक विकेट पर 151 रन बनाकर हासिल कर लिया। इस तरह आरसीबी का हारने का सिलसिला जारी रहा, यह उसकी लगातार चौथी शिकस्त है। इससे पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद पैरी ने आरसीबी को शुरूआती झटकों से उबारते हुए सत्र का चौथा अर्धशतक जड़ा। उन्होंने 47 गेंद में तीन छक्के और इतने ही चौके से 60 रन की पारी खेली। पैरी के अलावा राघवी बिष्ट ने 33 रन का योगदान दिया जिसके लिए उन्होंने 32 गेंद में दो छक्के जमाये। आस्ट्रेलिया की अनुभवी खिलाड़ी पैरी ने इंग्लैंड की डानी वाट होज (21 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 44 रन और राघवी के साथ 68 रन की साझेदारी निभाकर आरसीबी की पारी मजबूत की। इस पारी से पैरी इस साल की डब्ल्यूपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी बन गई, उन्होंने छह मैच में 98.33 के औसत से 295 रन बना लिए हैं। डानी वाट होज ने एक छक्के और दो चौके से 18 गेंद में 21 रन बनाये। दिल्ली कैपिटल्स के लिए शिखा पांडे और श्री चरानी ने 28-28 रन देकर दो दो विकेट झटके। मारिजाने काप ने नयी गेंद से कसी गेंदबाजी करते हुए 18 रन देकर एक विकेट लिया।



# युकी भांबरी ने पहला एटीपी 500 युगल खिताब जीता


**मुंबई,02 मार्च 2025।** भारत के युकी भांबरी ने दुबई टेनिस चैंपियनशिप में अपने ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार एलेक्सी पोपिरिन के साथ मिलकर शानदार वापसी करते हुए फिनलैंड के दुनिया के 14वें नंबर के हैरी हेलियोवारा और ग्रेट ब्रिटेन के हेनरी पैटन को हराकर अपना पहला एटीपी 500 पुरुष युगल खिताब जीता।पहला सेट हारने के बाद, इस जोड़ी ने शनिवार को हेलियोवारा और पैटन के खिलाफ दूसरे सेट में चार मैच प्वाइंट बचाए और 51 मिनट तक चले मुकाबले में 3-6, 7-6, 10-8 से जीत दर्ज की।इस जीत के साथ, भांबरी सोमवार को पीआईएफ एटीपी रैंकिंग में अपने करियर की सर्वोच्च रैंकिंग 40 हासिल करने के लिए तैयार हैं। उनके खिताब जीतने के अभियान में कई शानदार जीत शामिल हैं।इस जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया और पहले विश्व नंबर 1, एल साल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो और क्रोएशिया के मेट पाविक को 4-6,7-6(1) 10-3 से हराया।क्वार्टर फाइनल में, इंडो-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल की ब्रिटिश जोड़ी के खिलाफ 5-7 7-6(5) 10-5 से जीत हासिल की।फिर अंतिम-चार में, उन्होंने ग्रेट ब्रिटेन के जेमी मरे और ऑस्ट्रेलिया के जॉन पीयर्स को 5-4 4-6 10-7 से हराया। यह कोर्ट पर मौज-मस्ती करने के बारे में था, भांबरी ने बताया हम मैच दर मैच आगे बढ़े। हम पहले दौर में हारने के बहुत करीब थे, इसलिए फाइनल में पहुँचना और जीतना अविश्वसनीय है - मुझे नहीं लगता कि मैंने कभी ऐसा सपना देखा था। एलेक्सी एक अविश्वसनीय खिलाड़ी है, हम सभी जानते हैं कि वह एकल में बहुत अच्छा है, लेकिन मुझे लगता है कि उसके आगे एक शानदार युगल करियर भी है। ग्रीस में जन्मे स्टेफानोस सिटसिपास ने कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे को 6-3, 6-3 से हराकर पुरुष एकल का खिताब जीता।

# कार्तिक आर्यन ने मनाया लुका छुपी के छह साल पूरे होने का जश्न

कार्तिक आर्यन और कृति सनोन स्टारर रोमांटिक कॉमेडी लुका छुपी छह साल पहले दर्शकों के सामने आई थी। इस खास उपलब्धि को याद करते हुए, नायक कार्तिक आर्यन ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एक भावपूर्ण नोट लिखा। उन्होंने सोशल मीडिया पर नाटक के कुछ अनमोल पलों का एक वीडियो संकलन पोस्ट किया और लिखा, लुका छुपी के 6 साल,मेरी पसंदीदा रोम कॉम मूवी और म्यूजिक एल्बम में से एक...गुड्डू और रश्मि को अपने



दिलों में एक खास जगह देने के लिए धन्यवाद और यह मेरे गृहनगर ग्वालियर में शूट की गई मेरी पहली फिल्म होने के कारण और भी खास थी... आपके प्यार के लिए हमेशा आभारी रहूँगा! लुका छुपी विनोद गुड्डू शुक्ला (कार्तिक आर्यन) के बारे में बात करती है, जो जिद्दी लड़की रश्मि त्रिवेदी (कृति सनोन) के प्यार में पड़ जाता है। गुड्डू शादी करना चाहता है, जबकि रश्मि लिव-इन रिलेशनशिप का सुझाव देती है। जब उनके दोनों पारंपरिक परिवार मान लेते हैं कि वे शादीशुदा हैं और उनके साथ रहना शुरू कर देते हैं, तो वे लिव-इन रिलेशनशिप आज़माने का फैसला करते हैं। मैडॉक फिल्म्स के सहयोग से जियो स्टूडियो द्वारा निर्मित इस नाटक में संगीतकार तनिष्क बागची ने संगीत दिया है। 1 मार्च, 2019 को रिलीज़ हुई लुका छुपी बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता साबित हुई। इसके बाद, कार्तिक आर्यन को धर्मा प्रोडक्शंस की तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी के लिए चुना गया है। फिल्म दोस्ताना 2 के बंद होने के बाद फिल्म निर्माता करण जौहर के साथ कार्तिक आर्यन के बड़े विवाद के बाद यह सहयोग एक महत्वपूर्ण मोड़ है। इससे पहले, अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट की घोषणा करते हुए, करण जौहर ने इसे अब तक का सबसे अच्छा क्रिसमस उपहार कहा था। फिल्म निर्माता ने आगे घोषणा की कि तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी 2026 में सिनेमाघरों में पहुंचेगी। समीर विदवान के निर्देशन में बनी इस ड्रामा फिल्म का निर्माण करण जौहर ने अदार पूनावाला, अपूर्व मेहता, शरीन मंत्री केडिया और किशोर अरोड़ा के साथ मिलकर किया है। धर्मा प्रोडक्शंस नमः पिक्चर्स के साथ मिलकर इस फिल्म को प्रस्तुत कर रहा है।




# फिल्म नादानियां का ट्रेलर रिलीज

### 7 मार्च से नेटफ्लिक्स पर होगी स्ट्रीम

स्टार किड्स को लेकर दर्शकों के बीच एक अलग ही उत्साह देखने को मिलता है। आने वाले दिनों में कई सितारों के बच्चे बॉलीवुड में अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत करने वाले हैं। इन्हीं में से एक हैं सैफ अली खान और अमृता सिंह के बेटे इब्राहिम अली खान।इब्राहिम निर्माता करण जौहर की फिल्म नादानियां से अभिनय जगत में कदम रखने वाले हैं, जिसका ट्रेलर आखिरकार रिलीज हो गया है।ट्रेलर की शुरुआत में इब्राहिम के किरदार अर्जुन मेहता के बारे में बताया जाता है, जो एक लॉ कॉलेज में जाना चाहता है। इसी बीच उसकी मुलाकात पिया जय सिंह (खुशी कपूर) से होती है, जो महत्वाकांक्षा से ज्यादा प्यार को प्राथमिकता देती है।पिया और अर्जुन एक-दूसरे के प्यार में पड़ जाते हैं, लेकिन ट्विस्ट तब आता है, जब अर्जुन सबको बताता है कि उसे पिया को डेट करने के लिए हर हफ्ते 25,000 रुपये मिलते हैं।ट्रेलर देख एक ने लिखा, शुक्रिया नेटफ्लिक्स। 2 मिनट में बता दिया कि इस फिल्म के लिए मुझे अपने 2 घंटे खर्च नहीं करने हैं।एक लिखते हैं, शुक्र है ये नेटफ्लिक्स पर ही आ रही है। एक ने लिखा, इब्राहिम- मुझे 25 हजार मिले बॉयफ्रेंड बनने के लिए। दर्शक- भाई तू नेटफ्लिक्स का 199 का सब्सक्रिप्शन दिला दे तुम दोनों को झेलने के लिए।एक ने लिखा, कमेंट सेक्शन में पीआर सक्रिय हो गया है।वैसे कुछ लोग इब्राहिम की तारीफ भी कर रहे हैं और उनके मुताबिक वह बॉलीवुड के अगले सुपरस्टार हैं। कोई उन्हें सैफ की कार्बन कॉपी बता रहा है तो कुछ का कहना है कि ट्रेलर देख उन्हें उनकी जवानी के दिन याद आ गए हैं।बहरहाल, बता दें कि नादानियां 7 मार्च से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने वाली है। शौना गौतम ने इस फिल्म का निर्देशन किया है, वहीं करण जौहर फिल्म के निर्माता हैं।यह फिल्म पहले प्यार के जादू और पागलपन को दर्शाती है, जहां चुनाव हमेशा आसान नहीं होते हैं। ऊिल्म में शर्तो से शुरू हुए एक रिश्ते का अंजाम देखने को मिलेगा। फिल्म में महिमा चौधरी, सुनील शेट्टी, दीया मिर्जा और जुगल हंसराज सहायक भूमिका निभा रहे हैं।यह खुशी की तीसरी फिल्म है। इब्राहिम के साथ उनकी केमिस्ट्री ट्रेलर में अच्छी लग रही है। इससे पहले खुशी को द आर्चीज और जुनैद खान के साथ लवयापा में देखा गया था।

CMYK

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### एलपीजी सिलेंडर के दाम में हुई बढ़ोतरी



**6 रुपये महंगा हुआ सिलेंडर**

**रायपुर, 02 मार्च 2025(ए)।** शनिवार 1 मार्च को एलपीजी सिलेंडर के नए रेट जारी हो गए हैं। एलपीजी (लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस) के नए रेट के मुताबिक बजट के दिन मिली राहत आज छीन ली गई है। 19 किलो वाले कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में बढ़ोतरी की गई है। आज दिल्ली से कोलकाता तक यह सिलेंडर 6 रुपये महंगा हुआ है।

### हाईकोर्ट के नोटिस का भिलाई कमिश्नर ने नहीं दिया जवाब; न्यायधीश ने लगाई फटकार



**बिलासपुर, 02 मार्च 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने भिलाई नगर निगम के कमिश्नर राजीव कुमार पांडेय को एक मामले में नोटिस का जवाब न देने और ड्रेस कोड का पालन नहीं करने पर कड़ी फटकार लगाई। जस्टिस राकेश मोहन पांडेय की सिंगल बेंच ने आयुक्त से पूछा कि नोटिस के बावजूद अदालत में क्यों नहीं पहुंचे। इस पर पांडेय ने जानकारी न होने का हवाला देते हुए माफी मांगी। हालांकि, कोर्ट ने बाद में इस मामले को निराकृत कर दिया।

### मुठभेड़ में महिला समेत दो नक्सली ढेर



**गुंडराजगुड़ेम,02 मार्च 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के किस्टारम थाना क्षेत्र में गुंडराजगुड़ेम के जंगलों में शनिवार सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई। डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) के जवानों ने महिला नक्सली समेत दो नक्सलियों को मार गिराया। मुठभेड़ स्थल से हथियार और अन्य नक्सली सामान बरामद किए गए हैं।

### ममता शर्मा और उनके पति के खिलाफ मामला दर्ज

**रायपुर,02 मार्च 2025(ए)।** खुद को समाजसेवी बताने वाली ममता शर्मा और उसके पति संजय शर्मा के खिलाफ धोखाधड़ी, गाली-गलौज, धमकी और गाड़ी हड़पने का गंभीर मामला दर्ज किया गया है। फरियादी



अनिल कुमार साहू, निवासी ग्राम बरमपुर, थाना खड़गवां, ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। अनिल साहू के मुताबिक, वर्ष 2021 में ममता शर्मा ने उसकी पत्नी पुनीता साहू की जमानत दिलाने के नाम पर उसे झांसे में लिया और एक स्टांप पेपर पर हस्ताक्षर करवा लिए। इसके बाद, ममता और संजय शर्मा ने अनिल की होंडा सिटी कार (क्रमांक सीजी 16 सीजे 2795) और पिकअप (क्रमांक सीजी 16 ए 2496) को धोखाधड़ी से अपने कब्जे में ले लिया। जब अनिल ने अपनी गाड़ी वापस मांगी तो आरोपियों ने उसे धमकाया, गालियां दीं और जान से मारने की चेतावनी तक दे डाली।

### युवती से रेप एवं ठगी




**बिलासपुर,02 मार्च 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में एक युवती को शादी का झांसा देकर युवक ने दुष्कर्म किया और सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर 5 लाख रुपये ठग लिए। अब न तो वह शादी कर रहा है और न ही पैसे लौटा रहा है। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है, जहां पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# बजट पूर्व कैबिनेट में लिए गए महत्पूर्ण फैसले

**» साय कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसलों पर लगी मुहर...**

**रायपुर,02 मार्च 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ में 3 मार्च को बजट पेश होना है. इससे ठीक एक दिन पहले रविवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंत्रालय महानदी भवन में मंत्री परिषद की बैठक ली. बैठक के बाद डिप्टी सीएम अरुण साव ने बताया कि कैबिनेट की बैठक में आगामी बजट समेत कई अहम मुद्दों पर फैसले लिए गए हैं।



### कैबिनेट बैठक में लिए गए ये अहम फैसले

**आबकारी नीति 2025-26 को मिली मंजूरी**

✷ मंत्रिपरिषद ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आबकारी नीति को अनुमोदित किया. यह नीति वर्ष 2024-25 के समान होगी। इसमें 674 मदिरा दुकानें संचालित की जाएंगी तथा आवश्यकता अनुसार प्रीमियम मदिरा दुकानों का संचालन भी जारी रहेगा। विदेशी मदिरा की खरीद व वितरण छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा किया जाएगा।

✷ इसके अलावा, विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों पर 9.5 प्रतिशत की दर से लगने वाला अतिरिक्त आबकारी शुल्क समाप्त करने का निर्णय लिया गया है, जिससे शराब उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।

**लोक परिसर (बेदखली) संशोधन विधेयक को मंजूरी**

✷ मंत्रिपरिषद ने छत्तीसगढ़ लोक परिसर (बेदखली) (संशोधन) विधेयक-2025 के प्रारूप को मंजूरी दी. इस विधेयक से सरकारी परिसरों को अतिक्रमण से मुक्त कराने की प्रक्रिया को और सशक्त किया जाएगा.

**ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा**

✷ राज्य सरकार ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को सरल बनाने के लिए ई-प्रोक्योरमेंट हेतु गठित सशक्त समिति को समाप्त करने का निर्णय लिया। वर्तमान में 100 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं पीएफआईसी द्वारा स्वीकृत की जाती हैं. इससे अनुमोदन प्रक्रिया का दोहराव हो रहा था, जिसे खत्म करने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

**उपभोक्ता विवाद निपटान के लिए नया पद होगा सृजित**

✷ छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में लंबित मामलों के त्वरित निपटारे और उपभोक्ता मामलों की समयबद्ध सुनवाई सुनिश्चित करने के लिए एक नए सदस्य पद के सृजन का निर्णय लिया गया।

**धान एवं चावल परिवहन की नई दरों को स्वीकृति**

✷ खरीफ विपणन वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के समर्थन मूल्य योजना के तहत धान और चावल परिवहन दरों को तय करने वाली राज्य स्तरीय समिति की सिफारिशों को स्वीकृति प्रदान की गई।

**श्रम कानूनों में संशोधन को मंजूरी**

✷ मंत्रिपरिषद ने छत्तीसगढ़ श्रम विधियां संशोधन एवं विविध प्रकीर्ण उपबंध विधेयक-2025 के तहत कारखाना अधिनियम-1948, औद्योगिक विवाद अधिनियम-1947 और ट्रेड यूनियन अधिनियम-1976 में संशोधन के प्रारूप को मंजूरी दी। इन संशोधनों से श्रमिक हितों की सुरक्षा के साथ-साथ औद्योगिक माहौल को भी मजबूती मिलेगी।

**रजिस्ट्रीकरण अधिनियम में संशोधन**

✷ रजिस्ट्रीकरण अधिनियम-1908 (छत्तीसगढ़ संशोधन) विधेयक-2025 के प्रारूप को मंत्रिपरिषद ने स्वीकृति दी। साथ ही, वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग में उप पंजीयक के रिक्त पदों को भरने के लिए पांच वर्षों की अर्हकारी सेवा में एक बार की छूट प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

**औद्योगिक विकास नीति 2024-30 को और प्रभावी बनाने के प्रयास**

✷ छत्तीसगढ़ में 1 नवंबर 2024 से लागू औद्योगिक विकास नीति 2024-30 को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ शासन भंडार क्रय नियम-2002 में प्रस्तावित संशोधन को स्वीकृति दी गई।

**आजीविका सृजन एवं ग्रामीण विकास के लिए एमओयू**

✷ छत्तीसगढ़ सरकार और व्यक्ति विकास केंद्र इंडिया (द आर्ट ऑफ लिविंग) के बीच आजीविका सृजन एवं ग्रामीण छत्तीसगढ़ के कल्याण से जुड़े एक समझौता ज्ञापन के लिए राज्य सरकार के सुशासन एवं अभिसरण विभाग को अधिकृत किया गया।

### मंत्रिपरिषद की पिछली बैठक में लिए गए थे ये फैसले...

✷ राज्य के किसानों को नवीन उन्नत किस्मों और गुणवत्ता युक्त बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य भण्डार क्रय नियम-2002 के नियम 4 में छूट प्रदत्त संस्थाओं की सूची में विस्तार करने का निर्णय लिया गया। इसके तहत सर्वप्रथम बीज का उपार्जन बीज निगम द्वारा राज्य के पंजीकृत बीज उत्पादक किसानों से किया जाएगा। इसके पश्चात आवश्यकता की पूर्ति के लिए राज्य की बीज उत्पादक सहकारी समितियों, भारत सरकार एवं राज्य सरकार के बीज उत्पादन करने वाले उपक्रमों, नाफेड, म.प्र. बीज महासंघ की समितियां, भारत सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं में इम्पैनल्ड सेंट्रल नोडल सीड एजेंसी के रूप में चयनित संस्थाओं को बीज निगम द्वारा जारी ऑफर लेटर में से न्यूनतम मूल्य प्रस्तुत करने वाली संस्था या एजेंसी से किया जाएगा।

✷ छत्तीसगढ़ लोकतंत्र सेनानी सम्मान विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

✷ छत्तीसगढ़ के षष्ठम् विधान सभा के पंचम सत्र माह फरवरी-मार्च 2025 के लिए राज्यपाल के अभिभाषण का मंत्रिपरिषद ने अनुमोदन किया।

✷ खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए समर्थन मूल्य पर किसानों से उपार्जित धान की शेष राशि का भुगतान करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य विपणन संघ को स्वीकृत अतिरिक्त शासकीय प्रत्याभूति राशि 3300 करोड़ की अनुमति का अनुमोदन किया गया।

✷ बैंक गारंटी से संबंधित विलेखों पर स्टाम्प शुल्क की दरों के निर्धारण के लिए भारतीय स्टाम्प अधिनियम-1899 (छत्तीसगढ़ संशोधन) विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

✷ मंत्रिपरिषद ने छत्तीसगढ़ कैडर के भारतीय वन सेवा के 30 वर्ष की अर्हकारी सेवा पूर्ण कर चुके 1992 से 1994 बैच तक के अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक के पद पर पदस्थ अधिकारियों को गैर कार्यात्मक आधार पर यथास्थान प्रधान मुख्य वन संरक्षक के समकक्ष स्केल प्रदाय करने आवश्यक पद सृजन का निर्णय लिया गया.

# छत्तीसगढ़ में आज खुलेगा सौगातों का पिटारा

**» युवाओं को मिल सकती है नौकरी**

**» बजट में क्या होगा खास**

**रायपुर,02 मार्च 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार 3 मार्च यानी आज अपना दूसरा पूर्ण बजट पेश करने जा रही है। यह राज्य का 24वां बजट होगा, जिसे वित्त मंत्री ओपी चौधरी विधानसभा में प्रस्तुत करेंगे। इस बार बजट का आकार करीब 1 लोखा 60 हजार करोड़ रुपये रहने की संभावना है, जो पिछले साल के 1,47,000 करोड़ की तुलना में लगभग 10 प्रतिशत अधिक है।

इसी कड़ी में खेल व राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि साल 2047 तक देश को विकसित बनाना है। इस बार का बजट जनकल्याणकारी बजट होगा, सर्वांगिंग विकास वाला बजट होगा। उन्होंने राज्य में खिलाड़ियों को बढ़ावा देने और राजस्व को लेकर भी चर्चा की।




**बजट में इन पांच क्षेत्रों को मिल सकती है बड़ी सौगात**

➡.इस बार के बजट में सरकार महतारी वंदन योजना के लिए राशि बढ़ा सकती है।

➡ नृत्य गोपाल कश्यप के अनुसार, छत्तीसगढ़ की सरकार युवाओं को फोकस कर रही है। बजट में रोजगार के लिए आवश्यक कदम उठाए जा सकते हैं। वहीं, शिक्षक भर्ती को फिर से शुरू करने की घोषणा हो सकती है।

➡ इस बजट में प्रदेश के सरकार बड़े शहरों में को-वर्किंग स्पेस, फ्री वाई-फाई की सुविधा की भी घोषणा कर सकती है।

➡. राज्य में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। धार्मिक और प्राकृतिक दोनों तरह से राज्य संपन्न है। ऐसे में सरकार पर्यटन पर फोकस कर सकती है। सीएम साय का भी फोकस बस्तर इलाके में हैं।

➡. इस बजट में किसानों को लेकर कई योजनाओं को शुरू करने की संभावना है जिससे किसानों के लिए खेती लाभ का सौदा बन सके। इसके साथ-साथ सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर भी फोकस कर सकती है। इसके लिए किसी योजना की घोषणा हो सकती है।

### खिलाड़ियों को दी जाएगी नौकरी



मीडिया से बातचीत के दौरान वर्मा ने कहा कि बजट में प्रदेशवासियों को राजस्व और खेल में भी कई सारे लाभ मिलेंगे। खिलाड़ियों को नौकरी दी जाएगी। इसके तहत एक रिपोर्ट तैरार हो रही है। इसी रिपोर्ट को आगे बढ़ाया जाएगा और फिर उत्कृष्ट खिलाड़ियों को नौकरी मिलेगी। साथ ही युवा महोत्सव भी मनाएंगे, जिसके तहत उत्कृष्ट खिलाड़ियों का सम्मान करेंगे।

### आदिवासी वर्गों के लिए बजट में हो सकता है प्रावधान

मुख्य बजट में वित्त मंत्री द्वारा पंचायत और नगरीय निकायों में विकास कार्यों के साथ नई योजनाओं की ज्यादा घोषणा कर सकते हैं। निकाय और पंचायत चुनाव में भी भाजपा को जनता ने प्रचंड जीत दिलाई है। इसलिए अब सरकार पर दबाव भी है कि जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए ज्यादा-ज्यादा से योजनाएं और घोषणाएं की जानी हैं। इसके अलावा आदिवासी वर्गों के लिए बजट में कुछ प्रावधान किए जा सकते हैं।

### छत्तीसगढ़ के लोगों को विकास की उम्मीदें

छत्तीसगढ़ के लोगों को इस बजट से नई नौकरियों, किसानों के लिए आर्थिक राहत, महिलाओं के लिए सशक्तिकरण योजनाएं और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की उम्मीदें है। देखना होगा कि सरकार जनता की उम्मीदों पर कितनी खरी उतरती है।

## भाजपा ने कांग्रेस को हिंदी सुधारने की दी नसीहत



**पीसीसी चीफ बैज ने कहा- पहले अपने आप को झांक लें**

**रायपुर,02 मार्च 2025(ए)।** प्रदेश में ईडी की कार्रवाई समेत अन्य मुद्दों पर भाजपा और कांग्रेस के बीच राजनीतिक टकराव जारी है लेकिन इस बार बहस का मुद्दा कोई आरोप-प्रत्यारोप नहीं, बल्कि हिंदी की वर्तनी को लेकर है। सोशल मीडिया पर भाजपा ने कांग्रेस की एक पोस्ट में गलती निकालते हुए तंज कसा, तो कांग्रेस ने भी इसपर हमला बोला है। भाजपा ने एक्स पर कांग्रेस पर तंज कसते हुए लिखा, प्रिय आईएनसी छत्तीसगढ़, एक पढ़ा-लिखा एक्स हैंडलर रखिये,जो कम से कम हिंदी सही सही लिख पढ़ ले,सही शब्द कवयित्री है, 'कवियित्री नहीं। भाजपा के इस कटाक्ष पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा को ऐसा लगता है कि सबसे ज्यादा बुद्धिमान वही हैं, पूरे देश में और कोई नहीं. पहले अपने आप को झांक लें। अगर खुद को बुद्धिमान समझते हैं तो बधाई। लोगों के विकास और देश के आर्थिक विकास में कांग्रेस का जितना योगदान है, उतना भाजपा का नहीं।



## पुलिस जांच में कोई निष्कर्ष नहीं निकला तो सीबीआई को सौंपा जा सकता है केस

**यस बैंक से जुड़े 165 करोड़ रुपये के संदिग्ध लेनदेन के मामले**

**बिलासपुर,02 मार्च 2025(ए)।** दुर्ग के यस बैंक से जुड़े 165 करोड़ रुपये के संदिग्ध लेनदेन के मामले में हाई कोर्ट में सुनवाई चल रही है। अदालत ने राज्य पुलिस को मामले की जांच के लिए काफी समय दे दिया है। अब इस केस की अगली सुनवाई 21 अप्रैल 2025 को होगी। इस मामले में प्रभुनाथ मिश्रा की याचिका पर मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति रवींद्र कुमार अग्रवाल की डबल बेंच ने सुनवाई की। इस मामले में यस बैंक पर पुलिस जांच में सहयोग न करने के आरोप लगे थे, लेकिन बैंक की ओर से पेश वकील सौम्या शर्मा ने बताया कि बैंक ने सभी आवश्यक दस्तावेज समय पर उपलब्ध कराए हैं। बैंक ने संबंधित खातों की जानकारी पुलिस को सौंपने के लिए समय मांगा था। अब एडवोकेट जनरल प्रफुल्ल एन. भारत ने अदालत को सूचित किया कि यस बैंक ने 22 फरवरी को 346 बैंक खातों का पूरा विवरण राज्य पुलिस को सौंप दिया है। कोर्ट ने राज्य पुलिस को इन खातों की गहन जांच करने का निर्देश दिया है। साथ ही, अदालत ने साफ किया कि अगर राज्य पुलिस इस मामले में कोई ठोस निष्कर्ष तक नहँ पहुंच पाती है, तो इसकी जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंपी जा सकती है।अब राज्य पुलिस को 21 अप्रैल 2025 तक इस मामले में प्रगति रिपोर्ट कोर्ट में पेश करनी होगी। पुलिस को यह स्पष्ट करना होगा कि 13.36 करोड़ रुपये किन खातों से ट्रांसफर हुए और किसके खाते में गए।



## 11 वीं मंजिल से गिरकर नाबालिग की मौत

**रायपुर,02मार्च 2025 (ए)।** राजधानी के तेलीबांधा थाना क्षेत्र स्थित ऐश्वर्या एम्पायर में शनिवार को एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में 11वीं मंजिल से गिरकर मौत हो गई। इसका सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसे देखकर हर कोई हैरान हो गया है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में ऐश्वर्या अंपायर सोसाइटी की बिल्डिंग के 11वीं मजिल से गिरकर एक नाबालिग लड़की की मौत हो गई। इतनी ऊंचाई से गिरने के बाद जमीन पर लड़की का सिर बुरी तरह फट गया और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची व जांच-पड़ताल में जुट गई। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि लड़की ने आत्महत्या की है या फिर उसकी हत्या की गई है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)